# रोहतक

**मंगलवार 6 जनवरी 2026**

माघ मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 29, अंक : 338
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 18.3
न्यून. 3.0

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | कमजोर |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 85,439.62 | 322.39 ▲ |
| निफ्टी | 26,250.30 | 78.25 ▲ |
| **धातु** | **कीमत** | **ऊपर** |
| सोना | 1,40,400/- | 960/- ▲ |
| चांदी | 2,44,000/- | 2600/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 90.28 | 8 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 60.53 बैरल | | 0.36% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*






## खबर संक्षेप

### केदारनाथ में बर्फबारी -17 डिग्री पहुंचा तापमान



**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम में मौसम ने एक बार फिर अचानक करवट ले ली। सोमवार दोपहर करीब साढ़े 3 बजे से धाम में बर्फबारी शुरू हुई। बर्फ गिरते ही केदारनाथ और आसपास की पूरी घाटी सफेद चादर में ढक गई और अब पूरी नगरी पूरी तरह से सफेद दिख रही है। लगातार गिरती बर्फ के कारण धाम में ठंड और ज्यादा बढ़ गई है और तापमान माइनस 17 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। *एजेंसी*

### गोवा में आप को झटका 5 नेताओं ने छोड़ी पार्टी

**गोवा।** आम आदमी पार्टी को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमित पालेकर, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्रीकृष्ण परब और तीन अन्य पदाधिकारियों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। सभी नेताओं ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और अपने पदों से अलग होने का ऐलान किया। पालेकर को पिछले महीने 24 दिसंबर को ही प्रदेश अध्यक्ष के पद से हटाया गया था और श्रीकृष्ण परब को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष



### इंसानी रेबीज 'नोटिफायबल डिजीज' घोषित की

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने ह्यूमन रेबीज (इंसानों को रेबीज) को अब नोटिफायबल डिजीज घोषित कर दिया है। यानी रेबीज का कोई भी संदिग्ध और कंफर्म केस सामने आते ही उसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को देना अनिवार्य होगा। दिल्ली की रेखा गुप्ता वाली सरकार का कहना है कि इससे फैसले से रेबीज के मामलों पर समय रहते नजर रखी जा सकेगी। मरीज के इलाज में देरी नहीं होगी। अब दिल्ली के सभी सरकारी-निजी अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और निजी डॉक्टरों को ऐसे मामलों की तुरंत रिपोर्ट करनी होगी। इससे किसी भी तरह की कोताही पर सख्त एक्शन लिया जाएगा। *एजेंसी*

## वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी बोलीं, मादुरो को वापस भेजें

# ट्रंप की खुली धमकी, हमारी बात नहीं मानी तो बुरा हाल कर देंगे

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को बुरा हाल करने की धमकी दी। ट्रम्प ने कहा, 'अगर डेल्सी वह नहीं करतीं जो वेनेजुएला के लिए अमेरिका सही मानता है, तो उनका हाल मादुरो से भी ज्यादा बुरा हो सकता है।' ट्रम्प ने यह बात एक इंटरव्यू में दौरान कही। इससे पहले ट्रम्प ने कहा था- अगर रोड्रिग्ज अमेरिका की बात मान लेती हैं तो वेनेजुएला में अमेरिकी सेना तैनात करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं, रोड्रिग्ज ने मादुरो को सत्ता से हटाने की आलोचना की है। साथ ही अमेरिका से मादुरो को वापस भेजने की मांग की है। वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले के बाद यूएनएससी की इमरजेंसी मीटिंग बुलाई गई है। इसमें वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को हिरासत में लेने की वैधता पर चर्चा होगी। वहीं, दूसरी ओर वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर की एक अदालत में पेश किया गया। उन पर अमेरिका में हथियार और ड्रग्स तस्करी से जुड़ा मुकदमा चलाया जाएगा।

*(संबंधित खबर पेज-8 पर)*



**तो हाल ज्यादा बुरा होगा**

'अगर डेल्सी वह नहीं करतीं जो अमेरिका सही मानता है, तो उनका हाल मादुरो से भी बुरा हो सकता है।' अगर रोड्रिग्ज अमेरिका की बात मान लेती हैं तो वेनेजुएला में अमेरिकी सेना तैनात करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। *-डोनाल्ड ट्रंप*

**सहयोग चाहते हैं**

वेनेजुएला अमेरिका के साथ विकास और शांति के लिए सहयोग का एजेंडा बनाना चाहता है। ट्रम्प, हमारे लोग युद्ध नहीं, शांति और बातचीत के हकदार हैं। यही संदेश राष्ट्रपति मादुरो का हमेशा रहा है। मादुरो को वापस भेजा जाए। *- डेल्सी रोड्रिग्ज*



### लंगड़ाते हुए कोर्ट में पेश हुए मादुरो, बोले- मैं सभ्य व्यक्ति, मुझ पर लगे आरोप गलत



निकोलस मादुरो की सोमवार को न्यूयॉर्क कोर्ट में पेशी हुई। चलने के दौरान वे लंगड़ाते हुए दिखाई दिए। अदालत में अपना पक्ष रखते हुए उन्होंने खुद पर लगे सभी आरोपों को गलत बताया। मादुरो ने कहा कि उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है। वे सभ्य व्यक्ति हैं। कोर्ट में अब अगली सुनवाई 17 मार्च को होगी। द गार्जियन के मुताबिक, मादुरो पर चार बड़े आरोप लगाए गए हैं, जिनमें अमेरिका में कोकीन भेजने की साजिश और खतरनाक हथियार रखने जैसे आरोप शामिल हैं।

### अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के घर पर हमला, खिड़कियां टूटी, एक संदिग्ध पकड़ा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के ओहियो राज्य के सिनसिनाटी में स्थित घर पर हमला हुआ है। उनके घर की खिड़कियां टूटी हैं। पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। वेंस के घर के पास रविवार रात 12:15 बजे किसी को भागते हुए देखा गया था। अधिकारियों के मुताबिक, जिस समय यह घटना हुई, उस वक्त जेडी वेंस और उनका परिवार घर पर मौजूद नहीं था। शुरुआती जानकारी में यह भी सामने आया है कि हिरासत में लिया गया व्यक्ति उपराष्ट्रपति के घर के अंदर घुसने में सफल नहीं हुआ। जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि क्या यह घटना जानबूझकर जेडी वेंस या उनके परिवार को निशाना बनाकर की गई या इसके पीछे कोई और वजह है। मामले को लेकर मीडिया ने व्हाइट हाउस और सीक्रेट सर्विस से जानकारी मांगी है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। वेंस पिछले एक हफ्ते से सिनसिनाटी में थे, लेकिन रविवार दोपहर शहर से रवाना हो गए। उन्होंने घर पर लगभग 14 लाख डॉलर खर्च किए और यह लगभग 2.3 एकड़ में फैला हुआ है।



हमलावर घर में घुसने में रहा नाकाम

## व्यापारिक तनाव के बीच ट्रंप का बयान

# भारत के रूस से तेल आयात कम करने पर मैं खुश हुआ

- *प्रधानमंत्री मोदी बहुत ही अच्छे इंसान हैं, वे जानते थे मैं खुश नहीं हूं*
- *दोनों देशों के बीच अभी नहीं बन पाई है व्यापार समझौते पर सहमति*

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत के रूस से तेल आयात कम करने को लेकर बयान दिया है। ट्रम्प ने कहा है कि भारत ने यह फैसला उन्हें खुश करने के लिए लिया। ट्रम्प ने कहा वे मुझे खुश करना चाहते थे। प्रधानमंत्री मोदी बहुत अच्छे इंसान हैं। वह जानते थे कि मैं खुश नहीं था, इसलिए मुझे खुश करना जरूरी था। हम व्यापार करते हैं और उन पर टैरिफ बढ़ा सकते हैं। यूक्रेन युद्ध के बाद भारत रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार बन गया था। अमेरिकी अधिकारियों ने आरोप लगाया था कि भारत रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन पर हो रहे हमलों को फंड कर रहा है। इसे लेकर ट्रम्प प्रशासन ने भारत पर 25% टैरिफ भी लगाया था।



### भारत ने 4 साल बाद रूस से कम किया तेल आयात

- भारत ने 2021 के बाद पहली बार रूस से कच्चे तेल का आयात घटाया।
- रूसी तेल आयात नवंबर में करीब 17.7 लाख बैरल प्रतिदिन था, जो दिसंबर में घटकर 12 लाख बैरल प्रति दिन रह गया।
- आने वाले समय में यह 10 लाख बैरल प्रति दिन से भी नीचे जा सकता है। जनवरी में आने वाले आंकड़ों में भारत के रूसी तेल आयात में बड़ी गिरावट दिख सकती है।
- नवंबर 21 से रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर अमेरिकी प्रतिबंध लागू हुए हैं। इसके बाद भारत का रूस से तेल आयात घटने लगा है।

### राजदूत ने 25% टैरिफ हटाने की अपील की

अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने कहा है कि वह करीब एक महीने पहले भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा के घर गए थे। उस मुलाकात में सबसे ज्यादा चर्चा भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद कम करने को लेकर हुई थी। उन्होंने बताया कि भारतीय राजदूत ने उनसे राष्ट्रपति ट्रम्प तक यह संदेश पहुंचाने को कहा था कि भारत पर लगाया गया एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ हटाया जाए। लिंडसे ग्राहम के मुताबिक, भारत अब पहले के मुकाबले रूस से काफी कम मात्रा में तेल खरीद रहा है। इस मुद्दे को बातचीत में प्रमुख रूप से उठाया गया।

#### मुस्तफिजुर को लीग से बाहर करने पर फैसला

### बांग्लादेश ने अब आईपीएल के प्रसारण पर भी लगाया बैन

**ढाका/नई दिल्ली।** बांग्लादेश सरकार ने देश में आईपीएल के प्रसारण पर बैन लगा दिया है। वहां के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सोमवार को इस संबंध में निर्देश जारी किए। इसमें लिखा गया कि बीसीसीआई ने 26 मार्च से शुरू हो रही इंडियन प्रीमियर लीग में बांग्लादेश के क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को कोलकाता नाइट राइडर्स टीम से बाहर करने का निर्णय लिया है। बयान में कहा गया कि इस निर्णय के पीछे कोई ठोस या तार्किक कारण नहीं था। यह फैसला बांग्लादेश की जनता के लिए अपमानजनक, दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। ऐसे में अगले निर्देश तक आईपीएल के सभी मैच के प्रचार, प्रसारण और पुनः प्रसारण को बंद रखने के निर्देश दिए जाते हैं। एक दिन पहले रविवार, 4 जनवरी को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने टी-20 वर्ल्ड कप खेलने के लिए अपनी टीम भेजने से इनकार कर दिया था। इतना ही नहीं, बीसीबी ने आईसीसी से अपने मैच श्रीलंका में कराने का अनुरोध किया था।



टी-20 वर्ल्डकप में टीम भी भारत नहीं भेजेगा

#### एनएच 44 पर मुरथल फ्लाईओवर पर हादसा

### सोनीपत में संत निरंकारी मिशन प्रमुख की गाड़ी को मारी टक्कर

**सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर मुरथल फ्लाईओवर से गुजरते समय संत निरंकारी मिशन की प्रमुख माता सुदीक्षा महाराज की गाड़ी एक सड़क हादसे का शिकार हो गई। यह घटना 1 जनवरी की रात उस समय हुई, जब उनका काफिला दिल्ली से समालखा, पानीपत स्थित भक्ति निवास की ओर जा रहा था। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि एक काले रंग की स्कॉर्पियो-एन सवार ने जानबूझकर माता सुदीक्षा की गाड़ी के बाईं ओर टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया। इस घटना में वाहन के बाएं हिस्से को नुकसान पहुंचा और अंदर बैठीं सुदीक्षा महाराज को भी झटका लगा। हालांकि, घटना के बाद वाहन को नियंत्रित कर सुरक्षित स्थान पर रोक लिया गया। संत निरंकारी मंडल के मुख्य सुरक्षा अधिकारी कर्नल हरविंद्र सिंह गुलेरिया (सेवानिवृत्त) द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार यह टक्कर सामान्य सड़क दुर्घटना न होकर जानबूझकर की गई हरकत प्रतीत होती है।

**स्कॉर्पियो सवार पर जानबूझकर वाहन टकराने का आरोप**
●
**पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की**

#### एसआईआर फॉर्म में मिली गड़बड़ियां

### क्रिकेटर मोहम्मद शमी को चुनाव आयोग का नोटिस

**कोलकाता (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी को नोटिस भेजा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शमी ओर उनके भाई मोहम्मद कैफ के एसआईआर फॉर्म में गड़बड़ियां मिली हैं, इसलिए दोनों को बुलाया गया है। हालांकि शमी या चुनाव आयोग की ओर से अभी तक इस पर कोई बयान नहीं आया है। रिपोर्ट्स के अनुसार शमी के एन्यूमरेशन फॉर्म में प्रोजेनी मैपिंग और सेल्फ-मैपिंग से जुड़ी गड़बड़ियां मिली हैं। इसके बाद साउथ कोलकाता के वार्ड नंबर 93 से नोटिस जारी किए गए, जिसमें उन्हें असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर के सामने पेश होने को कहा गया है। शमी कोलकाता म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (केएमसी) वार्ड नंबर 93 में वोटर के रूप में रजिस्टर्ड हैं, जो रासबिहारी असेंबली सीट के अंदर आता है। 2024 में हुए लोकसभा चुनाव तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने उत्तर प्रदेश के अमरोहा में स्थित अपने पैतृक गांव में वोटिंग की थी।



आयोग के सामने पेश होने का दिया आदेश

#### सुप्रीम कोर्ट ने 1 वर्ष अपील करने पर रोक लगाई

### दिल्ली दंगा : उमर खालिद शरजील को जमानत नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार कर दिया। हालांकि 5 अन्य आरोपियों को 12 शर्तों के साथ जमानत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उमर और शरजील एक साल तक इस मामले में जमानत याचिका दाखिल नहीं कर सकते हैं। दरअसल, उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद दिल्ली दंगों के आरोप में 5 साल 3 महीने से तिहाड़ में हैं। इन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े मामले में उन्हें गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत जमानत देने से इनकार किया गया था। उमर जमानत के लिए निचली अदालत से सुप्रीम कोर्ट तक 6 बार याचिका लगा चुका है। दिल्ली में फरवरी, 2020 में हिंसा भड़की थी। इसमें 53 लोगों की मौत हुई थी। 250 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।



पांच आरोपियों को 12 शर्तों के साथ दी जमानत

## *यह घर बसाने के लिए, न की लाभ कमाने के लिए*

# पुनर्वास के तहत दिए गए प्लॉट को पांच वर्ष तक बेचा नहीं जा सकता : हाईकोर्ट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

भूमि अधिग्रहण के कारण अपनी जमीन गंवाने वाले लोगों को सरकार द्वारा पुनर्वास के तहत दिए गए प्लॉट को पांच वर्ष तक न तो बेचा जा सकता है और न ही किसी अन्य को स्थानांतरित किया जा सकता है, सिवाय इसके कि वह उत्तराधिकार (कानूनी वारिसों) के माध्यम से स्थानांतरित हो। एक मामले की सुनवाई के दौरान पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने कहा है कि ऐसे प्लॉटों का उद्देश्य विस्थापित परिवारों को दोबारा जीवन बसाने में मदद करना है, न कि त्वरित आर्थिक लाभ कमाने का साधन बनाना। खंडपीठ ने भूमि विस्थापितों (लैंड आउस्टीज़) द्वारा दायर याचिकाओं को खारिज करते हुए हरियाणा राज्य, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण सहित अन्य प्रतिवादियों के पक्ष में फैसला सुनाया।



लैंड फार लैंड नीति के तहत दिए गए प्लॉट महज संपत्ति नहीं
**यह सामाजिक व मानवीय पुनर्वास प्रक्रिया का हिस्सा**

**प्लाट आवंटन मौलिक अधिकार नहीं**

याचिकाओं में आवंटन पत्र की उस शर्त को रद्द करने की मांग की गई थी, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि आवंटन पत्र जारी होने की तिथि से पांच वर्ष तक प्लाट का हस्तांतरण नहीं किया जा सकता, सिवाय उत्तराधिकार के मामलों के। अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि भूमि विस्थापितों को प्लाट आवंटन कोई मौलिक अधिकार नहीं, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण, निष्पक्षता और समानता के सिद्धांतों के तहत दी गई एक विशेष राहत है।

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की दोहरे फायदे की दलील

**राजस्थान हाईकोर्ट का फैसला बरकरार रखा**

# मेरिट में आगे तो जनरल कैटेगरी की नौकरी में भी एससी/एसटी/ओबीसी का हक : सुप्रीम कोर्ट

*सुप्रीम कोर्ट ने उस दलील को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया कि इससे आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को 'डबल बेनिफिट' मिल जाएगा। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जनरल या ओपन कैटेगरी कोई आरक्षित कोटा नहीं है, यह सभी उम्मीदवारों के लिए केवल मेरिट के आधार पर खुली होती है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट के उस फैसले को बरकरार रखा है, जिसमें कहा गया था कि आरक्षित वर्ग के वे अभ्यर्थी जो सामान्य (जनरल/ओपन) श्रेणी की कट-ऑफ से अधिक अंक हासिल करते हैं, उन्हें शॉर्टलिस्टिंग के चरण में ही ओपन कैटेगरी में माना जाना चाहिए न कि केवल उनकी आरक्षित श्रेणी तक सीमित रखा जाए। जस्टिस दीपांकर दत्ता और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने राजस्थान हाईकोर्ट प्रशासन और उसके रजिस्ट्रार द्वारा दायर अपीलों को खारिज करते हुए 18 सितंबर 2023 के डिवीजन बेंच के फैसले की पुष्टि की।

### राजस्थान में भर्ती से जुड़ा है मामला

यह मामला अगस्त 2022 में राजस्थान हाई कोर्ट द्वारा शुरू की गई भर्ती प्रक्रिया से जुड़ा है, जिसमें 2,756 पदों (जूनियर ज्यूडिशियल असिस्टेंट और क्लर्क ग्रेड-2) के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे।



**हाईकोर्ट का फैसला**

राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा कि श्रेणीवार शॉर्टलिस्टिंग की प्रक्रिया वैध है, लेकिन जो आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार बिना किसी छूट या रियायत के सामान्य श्रेणी की कट-ऑफ से अधिक अंक लाते हैं, उन्हें ओपन कैटेगरी में ही शामिल किया जाना चाहिए।

**आरक्षित उम्मीदवारों की कट-ऑफ रही थी ज्यादा**

चयन प्रक्रिया में 300 अंकों की लिखित परीक्षा और 100 अंकों की कंप्यूटर आधारित टाइपिंग परीक्षा शामिल थी। नियम के अनुसार, हर श्रेणी में रिक्तियों के पांच गुना उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के आधार पर टाइपिंग टेस्ट के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाना था। मई 2023 में परिणाम घोषित होने के बाद यह सामने आया कि एससी, ओबीसी, एमबीसी और ईडब्ल्यूएस जैसी आरक्षित श्रेणियों की कट-ऑफ सामान्य श्रेणी से अधिक थी। इसके कारण कई ऐसे आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार, जिन्होंने सामान्य श्रेणी की कट-ऑफ से अधिक अंक प्राप्त किए थे, लेकिन अपनी श्रेणी की कट-ऑफ से कम अंक होने के कारण शॉर्टलिस्ट नहीं हो पाए। इससे आहत उम्मीदवारों ने राजस्थान हाईकोर्ट का रुख किया।

## खबर संक्षेप



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को संत कबीर कुटीर में प्रदेश भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

### इनेलो का युवा सम्मेलन आज नरवाना में

**चंडीगढ़।** इनेलो आज जींद के नरवाना में युवा सम्मेलन करेगा। इस युवा सम्मेलन के लिए इनेलो के युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी कर्ण चौटाला 15 जनवरी से जिला स्तरीय बैठकों की शुरूआत करेंगे। युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष अरविंद गोस्वामी भी उनके साथ उपस्थित रहेंगे। यह जिला स्तरीय बैठक 5 फरवरी तक चलेंगी। कर्ण चौटाला ने बताया कि उनकी पहली बैठक 15 जनवरी को मेवात में होगी।

### रोगी से दुर्व्यवहार पर आयोग सख्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने गुरुग्राम स्थित आवासीय सोसायटी में गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति के साथ किए अमानवीय व्यवहार का कड़ा संज्ञान लिया है। आयोग ने पाया कि शिकायतकर्ता, जो एंड-स्टेज रीनल डिजीज से पीड़ित है और सप्ताह में तीन बार डायलिसिस उपचार पर निर्भर है, को सोसायटी प्रबंधन द्वारा पार्किंग जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित किया गया। शिकायतकर्ता जय प्रकाश की दोनों किडनियां पूर्णतः क्षतिग्रस्त हैं, जिससे उसे चलने-फिरने में कठिनाई होती है और कई बार वह बेहोश भी हो चुका है।

### जगवीर मलिक ने नेशनल गेम्स में 4 स्वर्ण जीते

**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि खेल और खिलाड़ी हरियाणा की पहचान है। हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के असिस्टेंट स्टेट कमिश्नर (ग्रोथ) जगवीर मलिक ने नेशनल गेम्स में 4 पदक जीतकर अपने आपको साबित किया है कि फिटनेस सिर्फ शारीरिक तंदुरुस्ती तक सीमित नहीं है; यह एक स्वस्थ जीवन जीने का समग्र दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम व खेलों का अभ्यास तनाव, चिंता और अवसाद को कम करता है। बड़ौली ने कहा कि 50 की उम्र पार करने के बावजूद जगवीर मलिक ने फिट रहकर एथलेटिक्स और कुश्ती में नाम कमाया।

## विकसित भारत जी राम जी योजना को लेकर भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने

# योजना पर दुष्प्रचार कर रहे कांग्रेस व इंडी गठबंधन : सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विकसित भारत- जी राम जी एक्ट पर विपक्षी पार्टियों द्वारा किए जा रहे दुष्प्रचार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश और राज्य की जनता कांग्रेस और इंडी गठबंधन नेताओं का चेहरा और चरित्र भली-भांति पहचान चुकी है। लगातार झूठ बोलने की आदत ने इन दलों को राजनीतिक रूप से अविश्वसनीय बना दिया है और अब जनता उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेती। कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन के नेता मनरेगा श्रमिकों को गुमराह करने के लिए बार-बार झूठे बयान दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री सोमवार को चंडीगढ़ में प्रेस वार्ता के दौरान सवालों के जवाब दे रहे थे। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, रणबीर गंगवा, कृष्ण कुमार बेदी व अन्य मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी कांग्रेस के पास कोई तर्क या ठोस सुझाव नहीं होता, वह झूठ और भ्रम फैलाने का सहारा लेती है। उन्होंने कहा कि गरीबों के कल्याण के लिए लाई गई हर नई योजना और सुधार पर कांग्रेस, यूपीए और इंडी गठबंधन के नेता सवाल उठाना शुरू कर देते हैं। भाजपा ने कांग्रेस को जवाब देने व योजना के फायदे बताने के लिए पांच सदस्यों की समिति बनाई है।



### कांग्रेस के पास न कोई सुझाव न जवाब : मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कांग्रेस के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए कोई वास्तविक सुझाव होते, तो वे लोकसभा में देते, लेकिन उनके पास न सुझाव हैं, न कोई जवाब। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चर्चा से भागती है और सदन से वॉक आउट कर जाती है। यही रवैया हरियाणा विधानसभा में भी देखने को मिलता है, जहां कांग्रेस नेता बिना तैयारी के आते हैं, प्रस्ताव लाते हैं और फिर वॉक आउट करते हैं। फिर जनता के बीच जाकर भ्रम फैलाते हैं।

### कांग्रेस-आप का बुआ फूफड़ वाला रिश्ता

विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) पर जल्दबाजी में प्रस्ताव पास करने के लिए पंजाब सरकार पर कटाक्ष करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 30 दिसबंर को पंजाब विधानसभा द्वारा पारित प्रस्ताव में न तो कोई आंकड़ा है और न ही कोई तथ्य। यह शुद्ध राजनीतिक प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का 'बुआ- फूफड़' जैसा रिश्ता है। पंजाब को यदि प्रस्ताव ही पारित करना था तो यह प्रस्ताव पास करते कि पंजाब में भी हरियाणा की तरह 400 रुपये मजदूरी मिले, जबकि पंजाब में अभी मजदूरी 339 रुपये है।

### अब जवाब देने के लिए उतरेंगे कार्यकर्ता

वीबी-जीरामजी के लाभ बताने और कांग्रेस के दुष्प्रचार का जवाब देने के लिए भाजपा के मंत्री, सांसद, विधायक और समस्त पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता ग्राम की चौपाल तक जाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बडौली, राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने एक वर्चुअल बैठक कर मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों आदि तमाम नेताओं को बताया कि किस तरह योजना पर कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे झूठ से जनता को सावधान करना है। फायदे बताने के लिए घर - घर पत्रक बांटे जाएंगे।

# मनरेगा के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं : हुड्डा



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा के मूल स्वरूप को बदलने को लेकर कांग्रेस पार्टी ने आपत्ति जताई और विरोध स्वरूप काफी आक्रामक दिखाई दी। कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चंडीगढ़ स्थित मुख्यालय से मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान की राष्ट्रव्यापी शुरुआत की। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि मनरेगा के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि फंड में कटौती, भुगतान में देरी, काम के दिनों में कमी और मनमाने प्रतिबंधों के कारण गरीब, दलित, आदिवासी, महिला और अन्य वंचित वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। पार्टी के प्रदेश प्रभारी प्रभारी बी के हरिप्रसाद ने कहा कि मनरेगा जिसे वर्ष 2005 में यूपीए सरकार द्वारा लागू किया गया था। इससे देश के गरीबों को फायदा मिल रहा था।

### आम लोगों को परेशान कर रही भाजपा सरकार

वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि सरकार किसी न किसी बहाने से आमजन को परेशान करने में लगी है। मनरेगा का मूल स्वरूप बदलकर यह भ्रष्ट लोग ग्रामीण, गरीब, वंचित, महिला एवं जरूरतमंदों के मुंह से निवाला छीनने के प्रयास में है। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि मनरेगा योजना को खत्म करना भाजपा की तानाशाही का जीता जागता प्रमाण है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस निगम चुनाव के लिए अपनी कमर कस चुकी है और हम अपनी निर्माणात्मक नीतियों को लेकर जनता के बीच में जाएंगे और हमें संपूर्ण विश्वास है कि इन निकाय चुनाव में कांग्रेस विजय रहेगी। इस दौरान प्रदेशकमेटी के पूर्व अध्यक्ष धर्मपाल सिंह मालिक एवं उदय भान, रामकिशन गुर्जर, जितेंद्र कुमार भारद्वाज, सुरेश गुप्ता, सांसद वरुण चौधरी, सतपाल ब्रह्मचारी एवं जयप्रकाश, विधायकनिर्मल सिंह सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

### मत्स्य पालन में हरियाणा अग्रणी राज्य : राणा

**चंडीगढ़।** मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने राज्य में अंतर्देशीय मत्स्य पालन की तेज विकास दर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हरियाणा देश के प्रमुख भूमि-आबद्ध मछली उत्पादक राज्यों में से एक बनकर उभरा है। राज्य ने 23,850 हेक्टेयर जल क्षेत्र से कुल 2.04 लाख मीट्रिक टन मछली का उत्पादन किया है।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 945 दिनांक 26.11.2025 धारा 140 (3) बी.एन.एस. & 84 जे. जे. एक्ट थाना कुण्ड़ली जिला सोनीपत ।**

**गुमशुदा की पहचान**



नाम- गीतांजली।
पिता का नाम रामनिवास राय।
पता - वासी गाँव हेतनपुर जिला समस्तीपुर बिहार हाल झुग्गी अग्रसेन मन्दिर के पास प्याऊ मनियारी कुण्ड़ली सोनीपत हरियाणा।
उम्र- 13 वर्ष।
कद- 5 फुट 2 ईन्च।
हुलिया: रंग गोरा, गोल चेहरा, काले लबें बाल, काली छोटी आँखें, माथे पर चोट का निशान, हृष्ट-पुष्ट शरीर है।
पहनावा:- मेहन्दी रंग का सुट-सलवार व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.12.2025 को गीतांजली पुत्री रामनिवास राय वासी गाँव हेतनपुर जिला समस्तीपुर बिहार हाल झुग्गी अग्रसेन मन्दिर के पास प्याऊ मनियारी कुण्ड़ली सोनीपत अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कहीं चली गयी है जो अब तक वापिस नहीं आयी है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना कुण्ड़ली में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे।

प्रबन्धक थाना कुण्डली मो.नं.-7419410537
अनुसंधानकर्ता मो.नं.- 8059581886
पुलिस कन्ट्रोल रूम सोनीपत- 0130-2222903, 100

**हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत।**

पीआरडीएच-1084/11/4309/2026/41725/88/6 दि. 05.01.26

**कुटेशन नोटिस**

हरियाणा राज्य परिवहन, चरखी दादरी में वाहनों की मरम्मत के लिए हार्डवेयर, पैटी, मिसलेनियस आईटम की अगले एक वर्ष के लिए खरीद की जानी है। इच्छुक सप्लायर दिनांक 25.01.2026 तक अपनी सील बन्द कुटेशन कार्यालय महाप्रबंधक हरियाणा राज्य परिवहन, चरखी दादरी के नाम भेज सकते हैं। जिसके ऊपर स्टोर आईटम कुटेशन लिखा होना अनिवार्य है। स्टोर आईटम की लिस्ट व अन्य शर्तों के लिए महाप्रबंधक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। कुटशन से संबंधित सभी दस्तावेज किसी भी कार्य दिवस को दिनांक 15.01.2026 से पहले आकर महाप्रबंधक कार्यालय हरियाणा राज्य परिवहन चरखी दादरी से प्राप्त कर सकते हैं।

**हस्ता/-महाप्रबंधक**
**हरियाणा राज्य परिवहन,**
**च० दादरी।**

पीआरडीएच-1119/11/786/2026/41753/88/6 दि. 05.01.26

## प्रदेश में विकास कार्यों की होगी निरंतर निगरानी

# उच्चस्तरीय कमेटी का गठन हर 15 दिन में समीक्षा होगी

■ दो माह में एक बार मुख्यमंत्री प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करेंगे

**चंडीगढ़।** सरकार ने राज्य में विकास कार्यों की प्रगति की निरंतर निगरानी करने, उनका समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने तथा उनके क्रियान्वयन में होने वाली देरी को रोकने के उद्देश्य से एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। इस समिति में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार, मुख्यमंत्री के ओएसडी नरेंद्र पाल मलिक तथा मुख्यमंत्री के सीनियर कंसल्टेंट करण अहलावादी को शामिल किया गया है। जन स्वास्थ्य विभाग के मुख्य अभियंता राजीव बातिश समीक्षा प्रक्रिया के लिए हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल पोर्टल से संबंधित तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे। यह समिति राज्य में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की हर 15 दिन में एक बार समीक्षा करेगी। इसके अतिरिक्त, विकास कार्यों की समग्र प्रगति की समीक्षा हर दो माह में एक बार मुख्यमंत्री के स्तर पर भी की जाएगी। समिति विकास परियोजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति से लेकर कार्य आवंटन तक की समय-सीमा, प्रशासनिक स्वीकृति अथवा परियोजना की अवधारणा के बाद वास्तु संबंधी अनुमोदनों में होने वाली देरी, कार्य आवंटन व अन्य मुद्दों को समिति तेजी से कार्य करेगी।

# बजट की तैयारियों को लेकर जुटा स्वास्थ्य विभाग, सेवाओं के विस्तार पर मंथन

■ सुविधाओं का लाभ आम जन तक पहुंचाने के लिए जीआईएस मैपिंग का उपयोग करेंगे : आरती राव

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आगामी आम बजट में राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि जी आ ई ए स मैपिंग के आधार पर यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश का कोई भी क्षेत्र स्वास्थ्य संस्थानों से वंचित न रहे और सभी नागरिकों को समान रूप से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। स्वास्थ्य मंत्री ने आयुष एवं मेडिकल एजुकेशन विभाग से बजट पर चर्चा की।



### मेडिकल शिक्षा को बढ़ावा देने का लक्ष्य

बैठक में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति, आवश्यकताओं तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से विस्तार कर रही है। मेडिकल शिक्षा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश में नए मेडिकल कॉलेजों का तेजी से निर्माण हो रहा है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, आयुष विभाग के महानिदेशक संजीव वर्मा, नेशनल हेल्थ मिशन हरियाणा के मिशन निदेशक रिप्पुदमन सिंह ढिल्लो, मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च विभाग के निदेशक यशेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**कार्यालय : महाप्रबन्धक हरियाणा राज्य परिवहन, जीन्द।**

**निविदा सूचना**

निदेशालय राज्य परिवहन हरियाणा चण्डीगढ विभाग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार हरियाणा राज्य परिवहन जीन्द की बसों / वाहनों द्वारा बस स्टैण्ड जीन्द के पांच कि०मी० एवं नरवाना व सफीदों उपकेन्द्रों के 10 कि०मी० के दायरे में आने वाले पेट्रोल पंप से कम से कम 15 दिन (अथवा जो भी समयावधि सरकार द्वारा निर्धारित की जाएगी) के लिए अनिवार्य रूप से प्रतिदिन निम्न सारणी अनुसार डीजल लिया जाएगा:-

| क्र. सं. | क्षेत्र का नाम | डीजल की मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | जीन्द नया बस स्टैण्ड | लगभग 7500 लीटर प्रतिदिन |
| 2 | नरवाना बस स्टैण्ड | लगभग 2500 लीटर प्रतिदिन |

उपरोक्त बारे में केवल दायरे के अंदर आने वाले सभी पेट्रोल पंप डीलरों को इस निविदा सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि इच्छुक डीलर अपनी कुटेशन बंद लिफाफे में दिनांक 12.01. 2026 को शाम 5 बजे तक कार्यालय महाप्रबंधक हरियाणा राज्य पविहन जींद में जमा करवाना सुनिशिचत करें। फर्म को भुगतान 15 कार्य दिवस में किया जाएगा। फर्म/पेट्रोल पंप डीलर के पास बसों को डीजल देते समय खड़ा रहने का उचित स्थान होना तथा आने जाने को रास्ता सुगम होना अनिवार्य है ताकि शहर में / पब्लिक को किसी भी तरह के जाम का सामना न करना पड़े। पेट्रोल पंप डीलर को विभाग के कर्मचारियों को बैठने के लिए उचित स्थान भी उपलब्ध कराना होगा। इसके अतिरिक्त यदि पेट्रोल पंप पर आने व जाने के समय भीड़ / जाम की स्थिति में विभाग के वाहनों का चालान किया जाता है या वाहनों को प्रशासन द्वारा पेट्रोल पंप तक जाने की अनुमति नहीं दी जाती है तो फर्म के साथ अनुबंध रद्द कर दिया जाएगा। सशर्त कोई भी निविदा विभाग द्वारा स्वीकार नहीं की जाएगी। पेट्रोल पंप इस डिपो को डीजल की स्पलाई निरंतर करते रहेंगे व किन्हीं अपरिहार्य कारणों के कारण स्पलाई बंद करते हों तो एक हफ्ते पहले लिखित में डिपो को सूचित करना होगा।

**नोटः- 15 दिनों के बाद अनुबंध आगे बढ़ाया जाएगा या नहीं। इस बारे विभाग द्वारा आकलन किया जाएगा। सफल कुटेशनधारक को सरकार/विभाग द्वारा समय-समय पर जारी सभी दिशानिर्देश/हिदायतों की शर्तों की पालन करना होगा।**

**हस्ता/- महाप्रबन्धक,**
**हरियाणा राज्य परिवहन, जीन्द।**

पीआरडीएच-1119/11/785/2026/41752/88/6 दि. 05.01.26

# रेलवे परियोजनाओं में नहीं होगी देरी : वित्त आयुक्त



■ जिला राजस्व अधिकारी भूमि अधिग्रहण प्राधिकारी नियुक्त

**चंडीगढ़।** प्रदेश सरकार ने राज्य में विशेष रेलवे परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लिया है। सरकार ने रेलवे अधिनियम, 1989 (2008 में संशोधित) के प्रावधानों के अनुरूप विशेष रेलवे परियोजनाओं से संबंधित भूमि अधिग्रहण के लिए जिला राजस्व अधिकारियों को सक्षम प्राधिकारी (सीएएलए) तथा संभागीय आयुक्तों को मध्यस्थ के रूप में नियुक्त किया है।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तीय आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि जारी किए गए निर्देशों के तहत अंबाला जिले के जिला राजस्व अधिकारी को भूमि अधिग्रहण के लिए सक्षम प्राधिकारी (सीएएलए) नियुक्त किया गया है, जबकि अंबाला मंडल के संभागीय आयुक्त भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों में मध्यस्थ की भूमिका निभाएंगे। इसी प्रकार से सोनीपत, पानीपत, करनाल और कुरुक्षेत्र जिलों के जिला राजस्व अधिकारियों को उनके अपने जिलों में विशेष रेलवे परियोजनाओं हेतु भूमि अधिग्रहण के लिए सक्षम प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं संबंधित संभागीय आयुक्तों को इन जिलों में भूमि अधिग्रहण मामलों के निपटारे के लिए मध्यस्थ के रूप में नामित किया गया है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि इस निर्णय से रेलवे परियोजनाओं से संबंधित भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रेल परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है।

# साइबर ठगी की राशि सुरक्षित कराने में हरियाणा अव्वल



■ प्रथम और द्वितीय स्थान के बीच में लगभग 9% अंकों का अंतर रहा

■ 36% नकदी समय रहते ब्लॉक कर रोका फर्जीवाड़ा : डीजीपी

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने साइबर अपराध से 2025 में ठगी गई राशि को सुरक्षित कराने के क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता दर्ज करते हुए देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। एनसीआरपी पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार हरियाणा ने साइबर ठगी की लगभग 36 प्रतिशत राशि को समय रहते ब्लॉक कर नागरिकों को बड़ी राहत प्रदान की, जबकि दूसरे स्थान पर रहे राज्य की यह दर लगभग 27 प्रतिशत ही रही। प्रथम और द्वितीय स्थान के बीच लगभग 9 प्रतिशत अंकों का यह उल्लेखनीय अंतर न केवल हरियाणा की शीर्ष रैंकिंग को दर्शाता है, बल्कि यह भी प्रमाणित करता है कि राज्य की साइबर पुलिसिंग प्रणाली अन्य राज्यों की तुलना में कहीं अधिक तेज, तकनीक-आधारित, प्रभावी और परिणामोन्मुख है। हर तकनीक पर काम हो रहा है।

# अग्निपथ योजना से युवा शक्ति में आया नया जोश : राव नरबीर

**चंडीगढ़।** सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय सशस्त्र बलों में युवा प्रोफाइल को सशक्त बनाने तथा युवाओं में देश सेवा के प्रति जोश, जज़्बा और अनुशासन विकसित करने के उद्देश्य से जून 2022 में अग्निपथ योजना की शुरुआत की गई। इस योजना के अंतर्गत युवाओं को अग्निवीर के रूप में चार वर्ष की अवधि के लिए सेवा करने का अवसर प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि अग्निपथ योजना के तहत पहले बैच की सेवा अवधि जुलाई 2026 में पूरी होनी है। इसके उपरांत अग्निवीरों के उज्वल भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा सरकार ने हरियाणा अग्निवीर नीति–2024 तैयार की है जिसे अगस्त 2026 से प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों से पेंशन या ग्रेच्युटी की वसूली अमानवीय व अवैध : हाईकोर्ट



■ अगर किसी कर्मचारी से अधिक भुगतान किसी गलती, धोखाधड़ी या गलत प्रस्तुतीकरण के कारण नहीं हुआ है, तो बोझ सेवानिवृत्त व्यक्ति पर नहीं डाल सकते

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों से पेंशन या ग्रेच्युटी की वसूली को अमानवीय और अवैध करार दिया है। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने स्पष्ट कहा कि यदि किसी कर्मचारी से अधिक भुगतान उसकी किसी गलती, धोखाधड़ी या गलत प्रस्तुतीकरण के कारण नहीं हुआ है, तो प्रशासन अपनी त्रुटि का बोझ सेवानिवृत्त व्यक्ति पर नहीं डाल सकता। कोर्ट ने कहा कि अचानक और बिना उचित प्रक्रिया के की गई वसूली कल्याणकारी राज्य की भावना के विपरीत है। मामला दफ्तरी पद से सेवानिवृत्त हुसैन व कई कर्मचारियों से से जुड़ा है, अगस्त 2025 में संबंधित बैंक ने उन्हें 1.99 लाख रुपये की कथित अतिरिक्त ग्रेच्युटी राशि वापस जमा करने का आदेश जारी कर दिया। याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी कि भुगतान में किसी प्रकार की धोखाधड़ी या गलत जानकारी नहीं दी गई थी। उन्होंने बैंक के ही प्रस्ताव संख्या 10 का हवाला देते हुए बताया कि 1 जनवरी 2024 से ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दी गई थी और उसी के अनुरूप भुगतान किया गया। ऐसे में वर्षों बाद की गई वसूली न तो न्यायसंगत है और न ही कानूनसम्मत। कोर्ट ने सरकार की दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि वे यह साबित करने में असफल रहे कि याचिकाकर्ताओं ने किसी गलत तरीके से अधिक राशि प्राप्त की थी। कोर्ट ने टिप्पणी की कि बिना नोटिस और परामर्श के की गई वसूली प्रशासनिकअसंवेदनशीलता को दर्शाती है और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की गरिमा पर आघात करती है। कोर्ट ने यह भी कहा कि शासन से अपेक्षा की जाती है कि वह निष्पक्षता, जवाबदेही और मानवीय दृष्टिकोण के साथ कार्य करे। फैसले में सुप्रीम कोर्ट के एक मामले के सिद्धांतों का उल्लेख कर न्यायाधीश ने फैसला दिया।।

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी (टेबल के अनुसार) जिसका विवरण वेबसाईट IREPS पर मौजूद है। ई–नीलामी की धरोहर राशि, बोली की 5% होगी तथा बोली, कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी।

**नीलामी केटलॉग सं.: UMB-Mix-01-2026 रेट यूनिटः वार्षिक लाइसेंस फीस प्रारंभ होने की तिथि व समयः 14.01.2026 को 10:00 बजे**

| क्र.सं. | लॉट सं. एवं विवरण | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | Catg-UMB-UBC-GMU-161-25-1 (रिफ्रेशमेंट रूम–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) (आकार 40.61 वर्ग मीटर) सामान्य महिलाओं के लिए अम्बाला सिटी रेलवे स्टेशन। | 14.01.2026 को 10:30 बजे |
| 2 | Catg-UMB-UBC-GMU-161-25-1 (रिफ्रेशमेंट रूम–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) (आकार 47.40 वर्ग मीटर) अनुसूचित जाति (एससी) श्रेणी के स्वतंत्रता सेनानियों/युद्ध विधवाओं और रेलवे कर्मचारियों की विधवाओं के लिए धुरी रेलवे स्टेशन। | 14.01.2026 को 10:40 बजे |
| 3 | Catg-UMB-BTI-SMU-175-25-1 (खानपान) स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू) (आकार 2.51 x 3.42 वर्ग मीटर) अनुसूचित जाति (एससी) श्रेणी के लिए बठिंडा (बीटीआई) रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग क्षेत्र में। | 14.01.2026 को 10:50 बजे |

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखें।

File No.NR-UMB0COML(CG)/24/2024-O/o DCM1/UMB/NR 37/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज भिवानी | गांव दिनोद ब्लॉक भिवानी में राधा स्वामी आश्रम के निकट वार्ड 18 में एससी चौपाल का निर्माण, एमपी एलएडीएस + 29 कार्य। | 03.01.2026 09.01.2026 | 297.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव हरफाला ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में अपशिष्ट जल (जीडब्ल्यूएम) की शोधन प्रक्रिया और ड्रेन्स का निर्माण + 6 कार्य। | 02.01.2026 09.01.2026 | 200.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज अम्बाला | (वीएएनजीवाई 2023-24) गांव टुंडली, ब्लॉक अम्बाला-II में बाल्मिकी चौपला के निकट हॉल का निर्माण। | 02.01.2026 08.01.2026 | 4.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज करनाल | गांव बस्सी अकबरपुर ब्लॉक घरौंडा में मेन रोड से सुभाष पुत्र बलजीत के मकान तक फिरनी का निर्माण + 2 कार्य। | 01.01.2026 10.01.2026 | 64.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842262916 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 5 | पुलिस महानिदेशक, हरियाणा | हरियाणा पुलिस के लिए 98 अदद 5.56 × 45एमएम कार्बाइन सीक्यूबी की खरीद। | 02.01.2026 16.01.2026 | 99.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416431319 Supdt.provphq@gmail.com |
| 6 | पुलिस महानिदेशक, हरियाणा | हरियाणा पुलिस के लिए 1000 अदद 9एमएम पिस्टल की खरीद। | 02.01.2026 16.01.2026 | 295 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416431319 Supdt.provphq@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in** पीआरडीएच–11/2026/120/41760/I/88/6 दि. 05.01.26

## खबर संक्षेप

### पैरोल लेकर सिरसा डेरा पहुंचा राम रहीम

**सिरसा।** डेरा सच्चा सौदा सिरसा का प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह 40 दिन की पैरोल मिलने के बाद रोहतक जेल से सोमवार को डेरे में पहुंचा। डेरा प्रमुख के सिरसा पहुंचने पर श्रद्धालु डेरे में पहुंच रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इसी महीने शाह सतनाम जी महाराज के अवतार माह के दौरान डेरा प्रमुख डेरा में रहेगा। वह श्रद्धालुओं से ऑनलाइन संवाद करेगा।

### हाइड्रोजन ट्रेन का सामान लेकर आया स्पेशल कोच

**जींद।** देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के संचालन की तैयारियों को लेकर रेलवे विभाग ने कमर कस रखी है। सोमवार को लखनऊ से एक स्पेशल कोच इस ट्रेन के संचालन में इस्तेमाल होने वाला सामान लेकर पहुंचा। इसमें कई तरह की केबल व फिटिंग का सामान है। भारत देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के संचालन का जिम्मा लखनऊ की आरडीएसओ की टीम को दिया गया है। जींद-सोनीपत ट्रैक से झाड़ियों की सफाई भी करवाई जाएगी ताकि ट्रायल के दौरान कोई दिक्कत न आए।

### कुरुक्षेत्र के दबखेड़ा में बेल्ट से पत्नी का गला घोंटा, खुद जोहड़ में कूदा

# पाक नंबर पर 'डॉ. समीर' से बात करती थी पत्नी, पति ने हत्या कर सुसाइड किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

दबखेड़ा गांव में एक युवक ने अपनी पत्नी की बेल्ट से गला घोंटकर हत्या कर दी। पत्नी की हत्या के बाद आरोपी ने खुद भी गांव के जोहड़ में कूदकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड नोट में सामने आया है कि उसकी पत्नी पाकिस्तानी नंबर पर किसी डॉ. समीर से बात करती थी। इससे घर में कलह के चलते यह वारदात हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में ले लिया। उधर, गोताखोर प्रगट सिंह ने युवक के शव को तालाब से बाहर निकाला।

इसका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें युवक तालाब में कूदता दिखाई दे रहा है। मृतक दंपति की पहचान रणदीप सिंह (35) और उसकी पत्नी निशा (32) निवासी दबखेड़ा गांव के रूप में हुई। दपंति के दो बच्चे नवनीत (11) व रवनीत (7) वर्ष हैं। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया है।



**लाडवा।** तालाब में कूदने जा रहे युवक रणदीप सिंह का सीसीटीवी फुटेज व इनसेट में दंपति का फाइल फोटो।

### सुसाइड नोट : पत्नी को बच्चे मत देना

रणदीप ने नोट में लिखा : मैं, रणदीप सुपुत्र श्री अमरजीत सिंह, पूरी होश-ओ-हवास में यह बयान लिख रहा हूं। मेरी मौत की जिम्मेदार मेरी पत्नी निशा, निवासी अंबाला है। उसके किसी आदमी से नाजायज संबंध हैं। वह उससे वीडियो कॉल पर बात करती है। वह अपने बच्चों को प्यार नहीं करती, और उसे बच्चे मत देना। उसने मेरे जेवर बेचकर सारे पैसे उस आदमी को भेज दिए। वह आदमी मुझे धमकियां देता है, पैसे मांगता है, और वह वॉट्सएप पर बात करता है। वह कोई मुसलमान है, और यह मुझसे तलाक मांग रही है। मेरे फोन में सब सबूत हैं। इसकी भी वीडियो है। रब राखा। यह मेरी प्रॉपर्टी में हकदार नहीं है। मेरे बच्चों का ध्यान रखना, यह उन्हें मरवा देगी।

### कैमरे में तालाब में कूदते देखा तो दी सूचना

सरपंच प्रतिनिधि स्वर्ण सिंह ने बताया कि गांव के बाहर सरकारी तालाब है, जिसे ठेके पर दिया गया है। सोमवार की तड़के करीब 3 बजे सरकारी जोहड़ के ठेकेदार ने सीसीटीवी कैमरे में किसी को तालाब में कूदते देखा। उसने फौरन मामले की सूचना उसे कॉल करके दी। सूचना मिलते ही हम तुरंत जोहड़ पर पहुंचे, जहां युवक के कपड़े और जूते पड़े मिले। इसके बाद गोताखोर प्रगट सिंह को सूचना दी गई। गोताखोर प्रगट सिंह ने बताया कि उसे करीब तीन बजे सूचना मिली थी। इस सूचना के बाद वह करीब 5 बजे मौके पर पहुंचा। करीब आधे घंटे के रेस्क्यू के बाद युवक का शव जोहड़ से बरामद हो गया। युवक की पहचान गांव के रणदीप सिंह के रूप में हुई। इसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। रणदीप पेट्रोप पंप पर काम करता था। रणदीप ने सरपंच से भी तलाक को लेकर बात की थी। स्वर्ण सिंह ने बताया कि युवक की पहचान होने पर उसके घर पहुंचे तो वहां उसकी पत्नी निशा का शव पड़ा था। उसके गले में बेल्ट बंधी थी। उसके दो बच्चे अलग कमरे में सो रहे थे। रणदीप के परिवार के लोग भी आ गए।

### सोनीपत एनएच-44 फ्लाईओवर पर भीषण सड़क हादसा

स्कूटी ट्राले से टकराई, मुरथल की ओर आ रहे थे

# दिल्ली के तीन युवकों की मौत तीनों एक ही स्कूटी पर सवार थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर गांव नांगल खुर्द फ्लाईओवर के ऊपर सोमवार शाम हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं। हादसे में दिल्ली के तीन युवकों मयंक, दीपक और तुषार उर्फ prtik की मौत हो गई। तीनों स्कूटी पर सवार होकर दिल्ली की ओर से मुरथल की तरफ जा रहे थे, तभी उनकी स्कूटी आगे चल रहे ट्राले से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। करीब आधा घंटे तक यातायात भी बाधित रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा शाम को उस समय हुआ, जब तीनों युवक नांगल खुर्द फ्लाईओवर पर पहुंचे। बताया गया कि अचानक स्कूटी अनियंत्रित होकर ट्राले के पिछले हिस्से से टकरा गई। टक्कर इतनी तीव्र थी कि मयंक और दीपक मौके पर ही गिर पड़े और उनकी वहीं मौत हो गई। तुषार उर्फ प्रतीक गंभीर रूप से घायल हो गया और बुरी तरह से तड़पने लगा। आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और बचाव कार्य शुरू करवाया। सूचना मिलते ही मुरथल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस टीम ने दोनों मृत युवकों के शवों को कब्जे में लिया, जबकि घायल तुषार को मुरथल रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान तुषार ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने तीनों के शवों को नागरिक अस्पताल भिजवाया, जहां उनकी पहचान की प्रक्रिया पूरी की गई। देर रात तक परिजनों को सूचना दे दी गई। पुलिस के अनुसार तीनों के शवों का पोस्टमार्टम मंगलवार को कराया जाएगा।

### मयंक परिवार का इकलौता बेटा था, घर में पसरा मातम

हादसे का शिकार बने मयंक के पिता विजय शर्मा दिल्ली में कारोबारी हैं। मयंक परिवार का इकलौता बेटा था। मां का रो-रोकर बुरा हाल था, वहीं पिता और परिजन लगातार बेटे को देखने की जिद कर रहे थे। दीपक और तुषार उर्फ प्रतीक के परिवार भी अस्पताल पहुंचे, जहां हर किसी की आंखें नम हो गईं। परिजनों ने बताया कि तीनों दोस्त बचपन से एक-दूसरे के काफी करीब थे और अक्सर साथ घूमने-फिरने जाते थे। सोमवार को भी वे सामान्य रूप से घर से निकले थे, किसी को अंदाजा भी नहीं था कि यह सफर उनकी जिंदगी का आखिरी सफर साबित होगा।

# तांत्रिक सिद्धि के लिए दंपति ने की थी पांच साल के मासूम की हत्या

- पुलिस ने पांच माह बाद मामले का किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार, दो नाबालिग फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



गांव कामी माजरा में 31 जुलाई 2025 को खेत में बने होद में मृत मिले पांच वर्षीय प्रिंस की हत्या तांत्रिक सिद्धि के लिए की गई थी। जिला अपराध अन्वेषण शाखा वन की टीम द्वारा रविवार को मामले का खुलासा किया गया। हमीदा हेड के पास से काबू किए तांत्रिक जोगिंदर नगर यमुनानगर निवासी शिवकुमार उर्फ सोनी ने पूछताछ के दौरान गुनाह कबूल किया। इस हत्या में शिवकुमार की पत्नी भारती व दो अन्य नाबालिग रिश्तेदार भी शामिल थे। पुलिस ने आरोपी भारती को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया है। डीएसपी रजत गुलिया ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि गांव कामी माजरा के खेतों में 31 जुलाई 2025 को ट्यूबवेल की होद में पांच साल के प्रिंस का शव मिला था। जांच में सामने आया था कि अज्ञात लोगों ने प्रिंस की गला दबाकर हत्या कर शव को होद में फेंका था। टीम ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए रविवार को शहर के हमीदा हेड के पास से जोगिंदर नगर यमुनानगर निवासी शिवकुमार उर्फ सोनी को गिरफ्तार किया था। जब पुलिस टीम ने उससे सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने पांच साल के प्रिंस की हत्या तांत्रिक सिद्धि के लिए अपनी पत्नी भारती व दो नाबालिग रिश्तेदारों के साथ मिलकर की थी।

# नूंह के गन हाउस में बड़ा धमाका, 4 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नूंह

नूंह में सोमवार को एक गन हाउस में जोरदार धमाका हो गया। धमाके की वजह से गन हाउस की दीवार और शीशे के गेट के परखच्चे उड़ गए। बाहर खड़ी कई गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचा। बताया जा रहा है कि दुकान के अंदर रखे कारतूस और हथियारों में आग लगने के बाद धमाका हुआ। इसमें दुकान में मौजूद चार लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। दुकानदार ताहिर का कहना है कि एयर गन के सिलेंडर फटने से ब्लास्ट की आशंका है। हादसा गुरुग्राम-अलवर राष्ट्रीय राजमार्ग 248 ए पर स्थित सत्यम गन हाउस में हुआ। बताया जा रहा है कि दुकान मालिक ताहिर हुसैन और कर्मचारी सहित कुछ अन्य लोग धमाके के समय दुकान में मौजूद थे। धमाके में घायल चार लोगों को इलाज के लिए सीएचसी नूंह ले जाया गया। वहीं, हादसे के बाद आसपास के लोग भारी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया और भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचने के लिए सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने की बात कही।

### 7 को पूरा हो रहा सोनीपत मेयर का कार्यकाल

# विधानसभा के बाद अब तीन नगर निगम चुनावों पर पार्टियों की नजर

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़


विधानसभा चुनावों के बाद अब तीन नगर निगम चुनावों में शक्ति प्रदर्शन को लेकर राजनीतिक पार्टियों की नजर टिक गई है। नए साल के पहले सप्ताह में जहां पंचकूला नगर निगम मेयर और पार्षदों का कार्यकाल पूरा हो गया है। वहीं, सोनीपत नगर निगम मेयर का भी कार्यकाल 7 जनवरी को समाप्त हो रहा है। इस तरह से तीसरा निगम अंबाला शहर का कार्यकाल भी 13 जनवरी को समाप्त होने जा रहा है। अंबाला शहर निगम और सोनीपत दोनों ही सीटों पर उपचुनाव हुए थे क्योंकि अंबाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा कालका विस से विधायक बन गईं थी, इसी तरह से सोनीपत मेयर निखिल मदान भी विस में पहुंचे थे।

खास बात यह है कि दोनों ही निगम भाजपा की झोली में चले गए थे। सोनीपत में जहां पूर्व सीएम और अब केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के पूर्व मीडिया एडवाइजर राजीव जैन को जनता ने मेयर की कुर्सी पर नवाजा था, वहीं अंबाला शहर में भी भाजपा के पुराने नेता की धर्मपत्नी शैलजा सचदेवा लगभग दस माह पहले मेयर बनीं थीं। कुल मिलाकर निगम चुनावों को लेकर भाजपा की ओर से अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है।

पंचकूला, अंबाला शहर और सोनीपत नगर निगम में सत्ताधारी दल भाजपा के साथ ही विपक्ष कांग्रेस, इनेलो, जजपा सभी अपने अपने गणित अभी से लगाने लगे हैं।

### निकायों में तैयारी तेज

निगमों के अलावा 6 निकायों में वार्डबंदी का काम पूर्ण कर लिया गया है, जिनमें 3 निकायों में वार्ड भी आरक्षित किए हैं। वहीं, रेवाड़ी धारूहेड़ा, रोहतक में सांपला नगर पालिका और हिसार की उकलाना नपा में वार्ड आरक्षित कर दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### टेस्ला से छिन गया नंबर-1 का ताज

**नई दिल्ली।** दुनिया में इलेक्ट्रिक कारों को मेनस्ट्रीम बनाने टेस्ला सबसे आगे रही है। हालांकि, मार्केट में टेस्ला से पहले भी इलेक्ट्रिक कारें मौजूद थीं। लेकिन जिस तरह से इस अमेरिकी कंपनी ने टेक्नोलॉजी, परफॉर्मेंस और ब्रांड वैल्यू को मिलाकर ईवी की इमेज बदली, उसने पूरी ऑटो इंडस्ट्री की दिशा बदल दी। शुरुआती दौर में कुछ गिने-चुने कस्टमर ही टेस्ला के साथ जुड़े थे, लेकिन धीरे-धीरे यही ब्रांड ग्लोबल ईवी मार्केट का सबसे बड़ा नाम बन गया।

### बीओएम का तिमाही ऋण 20 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का अक्टूबर-दिसंबर 2025 में कुल ऋण सालाना आधार पर 19.61 प्रतिशत बढ़कर 2.73 लाख करोड़ रुपये हो गया। बीओएम ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 2024 की इसी तीसरी तिमाही के अंत में बकाया ऋण 2.29 लाख करोड़ रुपये था। कुल ऋण में 1.02 लाख करोड़ रुपये का कॉरपोरेट ऋण और 1.71 लाख करोड़ रुपये के आरएएम (खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई) अग्रिम शामिल हैं।

### रुपया आठ पैसे गिरकर 90.28 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपये में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और यह आठ पैसे टूटकर 90.28 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। मजबूत अमेरिकी मुद्रा और घरेलू शेयर बाजारों में सुस्ती से रुपये पर दबाव पड़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप के बाद उत्पन्न हुई भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं ने विश्व स्तर पर डॉलर की मांग को बढ़ावा दिया। हालांकि कच्चे तेल की गिरती कीमतों ने भारतीय मुद्रा को निचले स्तर पर थोड़ा समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, 90.21 प्रति डॉलर पर खुला।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# घड़ी, 4 रुपये और रूमाल 'चोरी' के केस में 51 साल से फरार आरोपी आखिरकार बरी

▶▶ 1974 में पुणे के बंडगार्डन पुलिस थाने में चोरी का केस दर्ज किया गया था

एजेंसी ▶▶| पुणे (महाराष्ट्र)

पुणे में एक कोर्ट के फैसले की चर्चा हो रही है। चोरी के एक मामले में अदालत ने एक व्यक्ति को 51 साल बाद बरी कर दिया है। यह मामला 1974 में दर्ज हुआ था। तीन आरोपियों पर कलाई घड़ी, 4 रुपए और एक रूमाल चोरी करने का आरोप लगाया गया था। कोर्ट ने 51 साल बाद सबूतों के अभाव में आरोपी को बरी कर दिया है। कोर्ट ने यह फैसला सबूतों की कमी और गवाहों के न होने के कारण सुनाया। 1974 में पुणे के बंडगार्डन पुलिस थाने में चोरी का एक केस दर्ज किया गया था। इस मामले में गुलाब शाहू जाधव, मुकुंद केरबा वाघमारे और राजाराम तुकाराम काले के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। गुलाब शाहू जाधव और मुकुंद केरबा वाघमारे को 10 अप्रैल, 1975 को जुर्म कबूल करने के बाद दोषी ठहराया गया था, जबकि राजाराम काले फरार था। 51 साल से अधिक समय तक फरार रहने के बावजूद, पुख्ता सबूतों की कमी के कारण, पुणे के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट एनजे चव्हाण ने 26 दिसंबर 2025 को राजाराम काले के खिलाफ सभी वारंट रद्द करते हुए उन्हें बरी करने का आदेश दिया। पद संभालने के बाद जज चव्हाण ने पुराने और पेंडिंग केसों का रिव्यू करना शुरू किया। उसी के तहत यह केस सामने आया और इस केस में शिकायत करने वालों और गवाहों को फिर से नोटिस और वारंट जारी किए गए, लेकिन, कोई भी कोर्ट में पेश नहीं हुआ।

# पीएम मोदी बोले- पं. नेहरू सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के पक्ष में नहीं थे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 जनवरी को गुजरात के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर का दौरा करेंगे। इस दौरान वे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में भाग लेंगे, जो 8 जनवरी से 11 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इस चार दिवसीय आयोजन में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों की श्रृंखला चलेगी। 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के तहत साल भर चलने वाले कार्यक्रमों की शुरुआत की जाएगी। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का उद्देश्य भारत



की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत, आस्था और आत्मसम्मान के भाव को सशक्त करना है। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, आध्यात्मिक प्रवचन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सामाजिक जागरूकता से जुड़े आयोजन किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को एक पुराने प्रसंग को याद किया। उन्होंने बताया कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के पक्ष में नहीं थे। उनका मानना था कि सरकार और बड़े संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को इस काम से नहीं जुड़ना चाहिए। अपने ब्लॉग में प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा कि स्वतंत्रता के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की जिम्मेदारी सरदार वल्लभभाई पटेल पर आई।

## कंपनी का मूल्यांकन 2,400 करोड़ रुपए आंका गया, संगीत व मनोरंजन के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी है यूएमजी

# मनोरंजन क्षेत्र की एक्सेल एंटरटेनमेंट में 30% हिस्सेदारी खरीदेगी यूनिवर्सल म्यूजिक इंडिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूनिवर्सल म्यूजिक इंडिया ने फिल्म एवं डिजिटल कंटेंट स्टूडियो एक्सेल एंटरटेनमेंट में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की सोमवार को घोषणा की। इससे रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर द्वारा स्थापित इस कंपनी का मूल्यांकन 2,400 करोड़ रुपये आंका गया है।

■ यूएमआई एक्सेल में अल्पांश शेयरधारक बन जाएगी

संगीत-मनोरंजन के क्षेत्र में विश्व की अग्रणी कंपनी यूनिवर्सल म्यूजिक ग्रुप (यूएमजी) की इकाई यूनिवर्सल म्यूजिक इंडिया (यूएमआई) ने कहा कि उसने प्रस्तावित लेनदेन के लिए एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ एक पक्के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यूएमआई ने बयान में कहा, '' समझौते के तहत एक्सेल का मूल्य 2,400 करोड़ रुपये (25.7 करोड़ यूरो) आंका गया है जिसके तहत यूएमआई एक्सेल में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ एक महत्वपूर्ण अल्पांश शेयरधारक बन जाएगी।''



### गीत के वैश्विक वितरण अधिकार यूएमजी को प्राप्त होंगे

समझौते के अनुसार, एक्सेल के स्वामित्व या नियंत्रण वाली परियोजनाओं के लिए भविष्य में बनाए जाने वाले सभी मूल गीत के वैश्विक वितरण अधिकार यूएमजी को प्राप्त होंगे। इस समझौते के तहत एक्सेल नाम से अलग से संगीत ब्रांड की शुरुआत भी की जाएगी जिसका वैश्विक वितरण यूएमजी द्वारा किया जाएगा।

### नई रणनीतिक साझेदारी की नींव रखी जाएगी

इस समझौते से यूएमआई और एक्सेल के बीच एक नई रणनीतिक साझेदारी की नींव रखी जाएगी। इससे एक्सेल की वृद्धि में तेजी आएगी और महत्वपूर्ण भारतीय बाजार में यूएमआई की स्थिति और मजबूत होगी। इस समझौते के तहत, यूनिवर्सल म्यूजिक भारत तथा दक्षिण एशिया के चेयरमैन एवं सीईओ तथा अफ्रीका, पश्चिम एशिया तथा एशिया के रणनीति विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवराज सान्याल एक्सेल एंटरटेनमेंट के निदेशक मंडल में शामिल होंगे।

### एक्सेल एकदम सही भागीदार

*सान्याल ने कहा, '' भारतीय फिल्म जगत संगीत एवं उससे जुड़े मनोरंजन व्यवसाय के लिए एक बेहद रोमांचक अवसर प्रस्तुत करता है और भविष्य में काम करने के लिए एक्सेल एकदम सही भागीदार है।'' बयान में कहा गया कि एक्सेल के संस्थापक रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर रचनात्मक दिशा एवं विषयवस्तु संबंधी निर्णयों में अपना योगदान देना जारी रखेंगे।*

### भारत का मनोरंजन क्षेत्र लगातार मजबूत हो रहा

एक्सेल एंटरटेनमेंट के संस्थापक रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने कहा कि भारत का मनोरंजन क्षेत्र लगातार मजबूत होता जा रहा है और सार्थक वैश्विक सहयोग बनाने का यह बिल्कुल सही समय है। उन्होंने कहा कि यूएमजी के साथ साझेदारी ''वास्तव में रचनात्मक एवं परिवर्तनकारी गठबंधन होगा, एक ऐसा गठबंधन जो संगीत, फिल्म तथा उभरते प्रारूपों में कलाकारों एवं प्रदर्शनों के लिए नए अवसर खोलेगा।''

### एक्सेल को वैश्विक स्टूडियो में बदलना

एक्सेल एंटरटेनमेंट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विशाल रामचंदानी ने कहा, ''नवाचार एवं उत्कृष्टता के लिए एक साझा दृष्टिकोण के साथ, हमारा लक्ष्य एक्सेल को एक रचनात्मक वैश्विक स्टूडियो में बदलना है। एक ऐसा स्टूडियो जो विभिन्न मंचों और भौगोलिक क्षेत्रों के दर्शकों के लिए लीक से हटकर मौलिक सामग्री पेश करता है।''

### एक्सेल की स्थापना 1999 में हुई थी

एक्सेल की स्थापना 1999 में रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने की थी। इन्होंने मिलकर मनोरंजन उद्योग में 60 पुरस्कार और सम्मान प्राप्त किए हैं। स्टूडियो ने 2001 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'दिल चाहता है' से लेकर अब तक 40 से अधिक फिल्में और मौलिक पटकथा रिलीज की हैं।

# पतंजलि योगपीठ का 32वां स्थापना दिवस सम्पन्न



**हरिद्वार।** पतंजलि के 32वें स्थापना दिवस पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रामदेव व महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने योग, आयुर्वेद, स्वदेशी, सनातन धर्म, सनातन शिक्षा, सनातन चिकित्सा, सनातन अनुसंधान, सनातन कृषि, गौमाता एवं भारत माता की सेवा करते हुए परम वैभवशाली विकसित भारत के निर्माण हेतु समस्त ऋषि-ऋषिकाओं के वंशधरों से आह्वान किया। इस अवसर पर स्वामी महाराज ने कहा कि पतंजलि पतंजलि विश्व का सबसे पावन संस्थान व मानवता के लिए शुभ बन गया है। उन्होंने कहा कि पतंजलि की आत्मा सनातन की आत्मा है। उन्होंने पतंजलि के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों से आह्वान किया किया कि योग, आयुर्वेद, स्वदेशी, सनातन धर्म, सनातन शिक्षा, सनातन चिकित्सा, सनातन कृषि व्यवस्था व सनातन जीवन पद्धति को जीवन में गौरव दें और इसके द्वारा अपने भीतर असीम ज्ञान, अनंत-असीम भक्ति, अनंत-असीम प्रचंड सामर्थ्य को जागृत करें। स्वामी ने कहा कि जिस दिन पतंजलि गुरुकुल,आचार्यकुल, विश्वविद्यालय और भारतीय शिक्षा बोर्ड की फसल पूरी तैयार हो जाएगी।

**बोली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मुरादपुर टेकना, खंड महम, जिला रोहतक द्वारा गांव के कंडम उप स्वास्थ्य केंद्र के सामान की बोली/नीलामी करवाई जाएगी। बोली दिनांक 13-01-2026 को सुबह 11 बजे गांव की चमारान चौपाल में होगी। बोली से पूर्व बोलीदाता को 25 हजार रुपए धरोहर राशि जमा करवानी होगी। इच्छुक बोलीदाता समय पर पहुंचकर बोली लगा सकता है। बाकि शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

अजय, ग्राम सचिव — फोन नं.9996668936
निर्भय सिंह, सरपंच — फोन नं. 8708384200

# ट्रंप की नई चेतावनी से शेयर बाजार सतर्क

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारतीय उत्पादों पर शुल्क और बढ़ाने की ताजा चेतावनी के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजार गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स 322 अंक के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी में 78 अंक की गिरावट रही। विश्लेषकों ने कहा कि वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले के बाद ट्रंप की भारत पर शुल्क बढ़ाने की ताजा चेतावनी से कारोबारी धारणा प्रभावित हुई और बैंक, आईटी एवं रिलायंस



इंडस्ट्रीज जैसे दिग्गज शेयरों में बिकवाली से बाजार पर दबाव रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 322.39 अंक यानी 0.38 प्रतिशत गिरकर 85,439.62 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 446.68 अंक फिसलकर 85,315.33 अंक के निचले स्तर पर आ गया था। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,545 शेयर नुकसान के साथ बंद हुए जबकि 1,723 शेयरों में तेजी रही और 203 अन्य अपरिवर्तित रहे। वहीं निफ्टी 26,373.20 अंक के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचने के बाद अपनी बढ़त गंवा बैठा। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक, निफ्टी के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद बाजार में मुनाफावसूली हावी हो गई, जिससे सूचकांक 26,200 के समर्थन स्तर के आसपास आ गया। निफ्टी 78.25 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 26,250.30 अंक पर बंद हुआ।

# सोने में 960 रुपये और चांदी में 2,600 रुपये की तेजी दर्ज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच मजबूत वैश्विक रुख को देखते हुए सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 960 रुपये बढ़कर 1,40,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,39,440 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों में भी सोमवार को तेजी जारी रही और यह 2,600 रुपये बढ़कर 2,44,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। शुक्रवार को चांदी 2,41,400 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी। व्यापारियों ने कहा कि भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ने के कारण सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ने से सोना और चांदी दोनों में तेजी आई।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद सिरसा | एम.सी. सिरसा में चौ. देवीलाल मॉडल टाउन शिप मेला ग्राउंड में 100 मिमी आई.डी. डीआई पाइप लाइन बिछाना, डीआई पाइप लाइन सहित कनेक्शन बनाना + 5 कार्य। | 01.01.2026 15.01.2026 | रु. 1,81,09,393/- | https://etenders.hry.nic.in | 9654941067 secymc.sirsa@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41740/I/88/6 दि. 05.01.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पीजीआईडीएस रोहतक | नाइट्रस ऑक्साइड इनहेलेशन पर आधारित दंत उपकरण कांशस सेडेशन सिस्टम (रोहतक)। | 01.01.2026 28.01.2026 | ईएमडी रु. 7,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 283876 principal.pgids@uhsr.ac.in |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41767/I/88/6 दि. 05.01.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महेन्द्रगढ़ | वाल्मिकी मोहल्ला, वार्ड नं. 12 महेन्द्रगढ़ में सामुदायिक केन्द्र की मरम्मत और रखरखाव + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.01.2026 | रु. 75,00,699/- | https://etenders.hry.nic.in | 9499126150 secy_mgarh@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41738/I/88/6 दि. 05.01.26


## राशिफल


**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।


**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।


**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।


**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।


**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।



**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।


**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।


**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

# डॉ. सामंत को 70वीं मानद डॉक्टरेट की उपाधि से किया सम्मानित




**भुवनेश्वर।** शिक्षा, समाजसेवा और मानव सेवा के क्षेत्र में उनके अथक प्रयास और योगदान के लिए कीट -कीस एवं कीम्स के संस्थापक प्रोफेसर डॉ.अच्युत सामंत को जेईसीआरसी विश्वविद्यालय, जयपुर (राजस्थान) द्वारा मानद डॉक्टर ऑफ साइंस की उपाधि दी गयी । यह सम्मान विश्वविद्यालय के 9वें वार्षिक दीक्षांत समारोह के अवसर पर प्रदान किया गया। जेईसीआरसी विश्वविद्यालय के चेयरमैन ओपी अग्रवाल ने अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में प्रोफेसर डॉ. समंत को यह मानद उपाधि प्रदान की। 25 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय जेईसीआरसी फाउंडेशन एक द्वि-शाखीय शैक्षणिक संस्थान है जिसमें 25,000 से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं। यह प्रतिष्ठित सम्मान डॉ. अच्युत सामंत को देश-विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदान की गई 70वीं मानद डॉक्टरेट है, जो शिक्षा के माध्यम से वंचित वर्गों के सशक्तीकरण में उनके अतुलनीय योगदान को पुनः रेखांकित करता है।

**कार्यालय नगर पंचायत मगरलोड-भैंसमुण्डी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**
Phone No. 07705-296600, E-mail- cmo_magarlod@rediffmail.com, panchayat.magarlode.cg@nic.in
क्रमांक/1221/न.पं./ लो.नि.वि./ 2025-26 — मगरलोड, दिनांक 02/01/2026

**// द्वितीय (2nd) ई-निविदा आमंत्रण सूचना //**

कार्यालय नगर पंचायत मगरलोड-भैंसमुण्डी द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म / ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है :-

| क्रं. | सिस्टम टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | निविदा लागत राशि (लाख रु. में) | अमानत राशि (लाख रु. मे) | बिड सबमिशन शुल्क (रूपयें में) | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | पंजीकृत डाक के माध्यम से फीजिकल दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 182986 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Magarlod under SBM 2.0 | 184.39 | 1.50 | 10000.00 | 22.01.2026 05:00 PM | 27.01.2026 05:00 PM |

उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के तकनीकी शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in, अथवा विभागीय वेबसाइट https://www.uad.cg.gov.in से देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत मगरलोड-भैंसमुण्डी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

## शब्द पहेली - 6100




**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर-4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी-4)
8.हवा,समीर-3
9.रुष्ट,गुस्सा होना-2
11.सफेद,श्वेत-3
12.हमेशा,सदैव-4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
15.सिर्फ,महज-3
17.अनाज का कण-2
19.आधुनिक,नया-5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा-5
25.सदैव-2
26.ध्वजा-3
27.अधिकार-2
28.असमकक्ष-4
30.चिलमन,नकाब-3
31.वायु रोग-2
33.नल,टोंटी-3
35.आवश्यकता-4
36.शमशीर-4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी-2
3.नीच,अपराधी-4
4.बिजली कौंधना-5
5.बंदर,मर्कट-3
6.जूं का अंडा-2
7.दक्षता,होशियारी-4
10.उपकार,दया भार-4
13.कुचलना,दबाना-3
16.आमदनी-3
17.मूल्य,कीमत-2
18.वाद्य यंत्र-2
20.बहादुरी-3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
22.नाज,नखरा-2
23.उत्तराधिकारी-3
24.आधुनिकता-4
25.झिझकना-5
26.हौसला, ताकत-4
28.शत्रुता,दुश्मनी-4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू-3)
32.पेड़,दरख्त-2
34.औषधि-2

### शब्द पहेली- 6099 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सो | नि | या | गां | धी | | म | हा | न | ता |
| खा | ना | | प | | र | क्ष | क | | म | ल |
| ना | | म | न | सि | ज | | र | ग | | मे |
| ब | ला | त | | | वा | दा | | म | ह | ल |
| दो | | दा | | क | ला | | आ | | व | |
| श | य | न | क | क्ष | | दि | शा | ही | न | ता |
| | म | | प | | ह | ल | | न | | क |
| का | ज | ल | | शा | म | | | त | ह | त |
| म | | त | य | | व | फा | दा | र | | व |
| चो | र | | की | म | त | | म | | का | र |
| र | म | जा | न | | न | य | न | ज | ल | |



## किसानों को महंगाई से बचाने मोदी सरकार ने दी बड़ी राहत

# रबी सीजन के लिए उर्वरक सब्सिडी बढ़ाकर 37952 करोड़ की, डीएपी पर विशेष ध्यान

केंद्र सरकार का यह कदम न केवल बुवाई के आगामी सीजन में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा, बल्कि मृदा स्वास्थ्य को संतुलित बनाए रखने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण नीतिगत पहल है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक बाजार में कच्चे माल की कीमतों में अनिश्चितता और किसानों को महंगाई से बचाने के उद्देश्य से पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने रबी सीजन 2025-26 के लिए उर्वरक सब्सिडी में बढ़ोतरी की है। सरकार ने इस सीजन के लिए 37,952 करोड़ रुपए की अनुमानित उर्वरक आवश्यकता तय की है, जो खरीफ 2025 सीजन के मुकाबले करीब 736 करोड़ रुपए अधिक है। यह कदम न केवल बुवाई के आगामी सीजन में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा, बल्कि मृदा स्वास्थ्य को संतुलित बनाए रखने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण नीतिगत पहल है। सरकार ने रबी सीजन 2025-26 के लिए पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरों को मंजूरी दे दी है, जो 1 अक्टूबर, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक प्रभावी रहेंगी और इसमें फॉस्फेटिक और पोटैशिक (पी और के) उर्वरक शामिल हैं, जिनमें डीएपी और एनपीकेएस ग्रेड भी शामिल हैं। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उर्वरकों और कच्चे माल की अस्थिर कीमतों को देखते हुए की गई है। किसानों पर लागत का बोझ न पड़े, इसके लिए सरकार ने पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) योजना के तहत सब्सिडी दरों में, विशेषकर डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) के लिए, भारी वृद्धि की है।

## सब्सिडी खरीफ सीजन के मुकाबले 736 करोड़ रुपए अधिक

### डीएपी सब्सिडी में भारी बढ़ोतरी


अमृतसर में किसान अपने खेत में उर्वरक का छिड़काव करता हुआ

**डीएपी सब्सिडी बढ़ाकर 29,805 रुपए प्रति टन कर दी गई**

डीएपी पर सब्सिडी पिछले वर्ष के 21,911 रुपए प्रति टन से बढ़ाकर 29,805 रुपए प्रति टन कर दी गई है। इस निर्णय का सीधा लाभ गेहूं, तिलहन और दालों की खेती करने वाले किसानों को मिलेगा, क्योंकि रबी सीजन इन फसलों की बुवाई का मुख्य समय होता है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पीक सीजन के दौरान किसानों को किफायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध होते रहें।

### अधिक उर्वरक से मिट्टी की सेहत बिगड़ती है

वर्षों तक नाइट्रोजन युक्त उर्वरकों के असंतुलित प्रयोग ने कई क्षेत्रों में मिट्टी की सेहत को खराब किया है और उपज में वृद्धि को सीमित कर दिया है। एनबीएस योजना द्वितीयक और सूक्ष्म पोषक तत्वों (माइक्रोन्यूट्रिएंट्स) के उपयोग को बढ़ावा देकर मृदा क्षरण और पोषक तत्वों के असंतुलन की समस्या का समाधान करती है।

## एनबीएस योजनाः संतुलित खेती की ओर बड़ा कदम

पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एबीएस) योजना, जिसे भारत सरकार ने 1 अप्रैल 2010 से लागू किया था। एनबीएस ढांचा उर्वरकों में मौजूद पोषक तत्वों- नाइट्रोजन (एन), फॉस्फोरस (पी), पोटाश (के) और सल्फर (एस)- के आधार पर सब्सिडी तय करता है।

**उत्पादकता में वृद्धि हुई**

सरकार के अनुसार एनबीएस योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। देश में खाद्यान्न उत्पादकता, जो 2010-11 में 1,930 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर थी, वह 2024-25 में बढ़कर 2,578 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर हो गई है। यह वृद्धि मोटे तौर पर एनबीएस योजना के विस्तार की अवधि के साथ मेल खाती है।

### तीन वर्षों में सब्सिडी 2.04 लाख करोड़ रुपए

केंद्र सरकार ने 2022-23 और 2024-25 के बीच राष्ट्रीय उर्वरक प्रणाली (एनबीएस) सब्सिडी के लिए 2.04 लाख करोड़ रुपए से अधिक का आवंटन किया गया है, जिससे किसानों को किफायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध हो सके हैं। उच्च पैदावार, बेहतर मृदा स्वास्थ्य और आयात पर कम होती निर्भरता इस खर्च को उचित ठहराती है। रबी सीजन के लिए बढ़ी हुई सब्सिडी न केवल किसानों को वैश्विक महंगाई से राहत देगी, बल्कि यह भारतीय कृषि को वैज्ञानिक और संतुलित खेती की ओर ले जाने की सरकार की दीर्घकालिक रणनीति का भी हिस्सा है।

## पश्चिम बंगाल की सीएम बेनर्जी की दो टूक

# एसआईआर के दौरान 'अमानवीय' आचरण के खिलाफ अब मैं अदालत का रुख करूंगी

एजेंसी ▶▶ कोलकता

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने सोमवार को कहा कि वह राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान किए गए 'अमानवीय' आचरण के खिलाफ अदालत का रुख करेंगी। दक्षिण 24 परगना जिले के सागर द्वीप में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया से जुड़े भय, उत्पीड़न और प्रशासनिक मनमानी के कारण कई लोगों की मौत हुई है और कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है।


सीएम ममता बेनर्जी

### नामों को मनमाने ढंग से हटाया

सीमए बेनर्जी ने आरोप लगाया कि बिना वैध कारणों के मतदाता सूची से नामों को 'मनमाने ढंग से' हटाया जा रहा है, जिससे विधानसभा चुनावों से पहले एक नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया डर पैदा करने वाली प्रक्रिया बन गई है। गंभीर रोग से ग्रसित लोगों और बुजुर्ग नागरिकों को यह साबित करने के लिए लंबी कतारों में खड़े होने के लिए मजबूर किया।

### एसआईआर आशा की किरणः शुभेंदु

पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर मतदाता सूची के एसआईआर को 'निडरतापूर्वक' जारी रखने का आग्रह किया। पश्चिम बंगाल की जनता ने एसआईआर को आशा की किरण के रूप में देखा है।

## गृह मंत्री शाह ने अरंगनाथ मंदिर में की पूजा


**तिरुचिरापल्ली।** तमिलनाडु की अपनी दो दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के तमिलनाडु चुनाव प्रभारी पीयूष गोयल के साथ तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले के श्रीरंगम में अरुलमिगु अरंगनाथ स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने तिरुवनैकवल स्थित प्राचीन श्री जंबुकेश्वर-अकिलन्देश्वरी मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने मन्नारपुरम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महिला मोर्चा द्वारा आयोजित भव्य पोंगल उत्सव में भाग लिया। चावल, दाल, गुड़ और घी से तैयार मीठा व्यंजन पोंगल 1,008 सजे बर्तनों में पकाया गया था।

## खबर संक्षेप

### भाजपा नेता सोम को बांग्लादेश से धमकी

**मेरठ।** पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता ठाकुर संगीत सोम को बांग्लादेश से धमकी मिलने का



सनसनीखेज मामला सामने आया है। धमकी भरे फोन कॉल, मैसेज और वीडियो कॉल मिलने के बाद उन्होंने सरधना थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।

### लालू यादव की याचिका पर सीबीआई से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** आईआरसीटीसी घोटाला मामले में आरोप तय करने के निर्णय के खिलाफ पूर्व रेल मंत्री




लालू प्रसाद यादव की अपील याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने सीबीआई से जवाब मांगा है। कोर्ट ने सीबीआई को नोटिस जारी कर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। इस मामले पर अगली सुनवाई 14 जनवरी को होगी।

### प्रतिका की ग्रोक से फोटो एडिट न करने की अपील

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने सोशल मीडिया पर



खास अपील करते हुए अपनी प्राइवेसी को बनाए रखने की बात की है। प्रतिका ने ये अपील एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के एआई ग्रोक से की है। प्रतिका की बात पर ग्रोक ने कहा कि मैं समझ गया प्रतिका।

### पटाखों का इस्तेमाल करने वाले देशद्रोही : मेनका

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर बहुत ही विवादास्पद बयान दिया है। उन्होंने पटाखा जलाने वालों को देशद्रोही कह दिया है और साथ ही इस समस्या के लिए सुप्रीम कोर्ट को दोषी ठहरा दिया है। मेनका गांधी ने कहा कि पराली या गाड़ियों से प्रदूषण की बात झूठी है, क्योंकि दिवाली के तीन दिन पहले तक हवा साफ थी। उन्होंने ग्रीन पटाखों की इजाजत देने को लेकर सुप्रीम कोर्ट की भी आलोचना की।

## दिल्ली में दबंगों की गुंडागर्दी

# पुलिस के सामने बाप-बेटे के कपड़े उतारकर सड़क पर पीटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में 2 जनवरी को हुई एक खौफनाक घटना ने कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां दबंगों के एक गिरोह ने एक बाप-बेटे को न केवल बेरहमी से पीटा, बल्कि युवक को नंगा कर सड़क पर घसीटते हुए भी पीटा। पुलिस की मौजूदगी में भी दबंग युवक को घसीटते रहे, लेकिन वे मूकदर्शक बने रहे। पीड़ित के घर में जिम खोला हुआ है, जिसे लेकर विवाद चल रहा था। आरोपी विकास यादव,


सीसीटीवी में कैद घटना

शुभम यादव, ओमकार यादव और पिंटू यादव ने पीड़ित के बेटे को पीटा, फिर उसे घसीटकर सड़क पर ले आए और नंगा कर जूतों से मारा। इस दौरान उसके दांत भी तोड़ दिए गए और सिर पर भी गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद दिल्ली पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## कर्नाटक के बीदर में शर्मनाक घटना

# हाथापाई पर उतरे विधायक एक-दूसरे को दी गालियां

एजेंसी ▶▶ बीदर

कर्नाटक के बीदर में उस वक्त एक शर्मनाक दृश्य देखने को मिला, जब भाजपा और कांग्रेस के विधायक राज्य मंत्री के सामने ही हाथापाई पर उतर आए। यह वाकया जिला पंचायत हॉल में चल रहे कर्नाटक डेवलपमेंट प्रोग्राम की मीटिंग के दौरान हुआ। दरअसल मीटिंग में हुमनाबाद विधानसभा क्षेत्र में जंगल की जमीन के बारे में चर्चा हो रही थी। इसमें जिला प्रभारी मंत्री ईश्वर खंड्रे, भाजपा विधायक सिद्दू पाटिल और कांग्रेस विधायक भीमराव पाटिल


कांग्रेस-भाजपा विधायक में हुई झड़प

शामिल थे। तभी जमीन पर कब्जे के विवाद को लेकर दोनों नेता आपस में भिड़ गए। दोनों के बीच बहस होने लगी और देखते ही देखते यह बहस हाथापाई तक बढ़ गई। कांग्रेस विधायक ने भाजपा विधायक की ओर बढ़कर उन्हें मारने के लिए हाथ उठाया।

## भारत में साइबर ठगीः आम जनता की गाढ़ी पसीने की कमाई स्वाह

# 6 साल में 52,976 करोड़ से ज्यादा की धोखाधड़ी, निवेश स्कैम बड़ा खतरा



**नई दिल्ली।** भारत में साइबर अपराध और ठगी के मामलों ने बीते कुछ वर्षों में खतरनाक रफ्तार पकड़ ली है। गृह मंत्रालय के अधीन भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, पिछले छह वर्षों में देशभर में अलग-अलग तरह की धोखाधड़ी और ठगी से 52,976 करोड़ से अधिक की रकम का नुकसान हुआ है। इसमें निवेश स्कैम, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ठगी, बैंकिंग फ्रॉड और साइबर फिशिंग जैसे मामले शामिल हैं। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के आंकड़ों के मुताबिक, सिर्फ 2025 में ही लोगों ने करीब 19,812.96 करोड़ गंवाए और 21,77,524 से ज्यादा ठगी से जुड़े मामले दर्ज किए गए। इससे पहले 2024 में 22,849.49 करोड़ का नुकसान हुआ था और 19,18,852 शिकायतें दर्ज हुईं थीं। वहीं 2023 में 7,463.2 करोड़ के नुकसान के साथ 13,10,361 शिकायतें दर्ज हुईं थीं। 2022 में यह आंकड़ा 2,290.23 करोड़ और 6,94,446 शिकायतों का रहा। 2021 में 551.65 करोड़ की ठगी हुई, जबकि 2020 में यह राशि 8.56 करोड़ दर्ज की गई थी।

**5 राज्यों में हुए सबसे ज्यादा साइबर फ्रॉड**

राज्यवार विश्लेषण में महाराष्ट्र साइबर ठगी से सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। राज्य में 3,203 करोड़ का नुकसान हुआ और 28,33,20 शिकायतें दर्ज की गईं। इसके बाद कर्नाटक में 2,413 करोड़ और 21,32,28 शिकायतें, तमिलनाडु में 1,897 करोड़ और 12,32,90 शिकायतें सामने आईं। यूपी में 1,443 करोड़ की ठगी और 27,52,64 शिकायतें दर्ज हुईं, जबकि तेलंगाना में 1,372 करोड़ के नुकसान के साथ करीब 95,000 मामले सामने आए।

हरियाणा सरकार

## अभिलेख दान अभियान

## अभिलेखों से ज्ञान, कल के लिए निर्माण

अभिलेखागार विभाग का प्राथमिक कार्य प्रशासनिक, राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के सरकारी एवं निजी अभिलेखों को प्राप्त करना, उनका प्रबंधन करना और उनका संरक्षण करना है ताकि भावी पीढ़ी के लिए उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



**इसलिए हम आपसे अपील करते हैंः**

- यदि आपके पास ऐसा कोई अभिलेख है तो कृपया उसे हरियाणा राज्य अभिलेखागार को दान करने पर विचार करें ताकि उसे उचित देखभाल के साथ संरक्षित किया जा सके।
- यदि आप ऐसे अभिलेखों को अपने पास रखना चाहतें हैं तो हम आपसे अनुरोध करते हैं कि कम से कम हरियाणा राज्य अभिलेखागार को सूचित करें, ताकि विभाग आपको उनके उचित संरक्षण के लिए समय-समय पर निःशुल्क मार्गदर्शन और आवश्यक सहायता प्रदान कर सके।
- सम्मान स्वरुप, अभिलेखागार को अभिलेख दान करने वाले व्यक्तियों के नाम, दान की गई सामग्री के साथ, विविध रुप से स्वीकार किए जाते हैं।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**

www.haryanaarchives.gov.in archives@hry.nic.in 0172-2992112

**इस संबंध में किसी भी प्रकार की सहायता या सहयोग के लिए आप कृपया निम्नलिखित अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं:-**

**उप-निदेशक, अभिलेखागार विभाग, हरियाणा,**
सिंचाई भवन, चौथी मंजिल, बी-ब्लाक, सैक्टर-5, पंचकूला, दूरभाष 0172-2992112

**सहायक निदेशक, क्षेत्रीय अभिलेखागार, हिसार मण्डल,**
कमरा नं. 245-46, द्वितीय तल, लघु सचिवालय, हिसार, दूरभाष- 01662-283190

**सहायक निदेशक, क्षेत्रीय अभिलेखागार, रोहतक मण्डल,**
कमरा नं. 315 तृतीय तल, लघु सचिवालय, रोहतक, दूरभाष 01262-271308

सोशल मिडिया पर जुड़ने के लिए क्यू.आर. कोड स्कैन करें

अपने अभिलेख दान करने के लिए क्यू.आर. कोड स्कैन करें

## अभिलेखागार विभाग, हरियाणा

(अभिलेखागार विभाग, सिंचाई भवन, बी-ब्लॉक, चौथी मंजिल, सैक्टर-5, पंचकूला द्वारा जनहित में जारी।)

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## चिंतन

# बहकावे में आकर देशविरोधी साजिश रचना गंभीर मसला

आखिरकार सुप्रीम कोर्ट ने भी दिल्ली दंगा मामले में आरोपित उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत नहीं देकर दिल्ली पुलिस की मजबूत चार्जशीट और सरकार की आतंक विरोधी नीति पर अपनी मुहर लगा दी। यह फैसला आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ सरकार की नीति को और मजबूत करता है। अदालत ने कहा कि आतंकी कृत्यों को केवल हिंसा तक सीमित नहीं किया जा सकता, बल्कि इसमें आवश्यक सेवाओं में व्यवधान और अर्थव्यवस्था के लिए खतरा भी शामिल है। यह फैसला दर्शाता है कि किसी के बहकावे में आकर देशविरोधी गतिविधियां चलाने और साजिश रचने के कितने गंभीर परिणाम हो सकते हैं। 'आतंकवादी कृत्य' केवल अंतिम परिणाम नहीं है, बल्कि इसमें साजिश और उकसावे की पूरी प्रक्रिया भी शामिल होती है। इससे आर्थिक असुरक्षा और नागरिक जीवन में अस्थिरता पैदा होती है, भले ही इस प्रक्रिया में हिंसा न की गई हो। शीर्ष कोर्ट ने दिल्ली दंगों 'बड़े षड्यंत्र' मामले में आरोपियों द्वारा दायर जमानत याचिकाओं पर अपने फैसले में, 1967 अधिनियम की धारा 15(1) (ए) का उल्लेख करते हुए किसी अन्य माध्यम से वाक्यांश के अवशिष्ट अर्थ को रेखांकित किया और बम, डायनामाइट, विस्फोटक पदार्थों, ज्वलनशील पदार्थों, आग्नेयास्त्रों, अन्य घातक हथियारों, जहरीली, हानिकारक गैसों, अन्य रसायनों या किसी अन्य पदार्थ (चाहे जैविक, रेडियोधर्मी, परमाणु या अन्यथा) के उपयोग से किए गए आतंकी कृत्यों को परिभाषित किया है। हालांकि अदालत ने पांच अन्य आरोपितों को 12 शर्तों के साथ जमानत भी दी है। इनमें गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद शामिल हैं। उमर और शरजील मामले में कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा, सभी आरोपितों के साथ एक जैसा व्यवहार नहीं किया जा सकता। दोनों एक साल तक इस मामले में जमानत याचिका भी दाखिल नहीं कर पाएंगे। यह फैसला दिल्ली दंगों से जुड़े बड़े साजिश के मामले में आया है, जिसमें दोनों पर यूएपीए के तहत मामला दर्ज है। कोर्ट ने कहा, उमर खालिद और शरजील इमाम की भूमिका अन्य आरोपियों से अलग और अधिक गंभीर प्रकृति की है। उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया आरोप स्थापित होते हैं। लंबे समय तक हिरासत में रहना अपने आप में जमानत का आधार नहीं बन सकता। यह फैसला कई मायनों में महत्वपूर्ण है। पहला, यह यूएपीए के तहत दर्ज मामलों में जमानत के मानकों को स्पष्ट करता है। यूएपीए की धारा 43डी(5) जमानत देने के सामान्य प्रावधानों से अलग है। इसमें न्यायिक जांच की आवश्यकता होती है। दूसरा, यह फैसला आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ सरकार की नीति को मजबूत करता है। आतंकी कृत्यों को केवल हिंसा तक सीमित नहीं किया जा सकता, बल्कि इसमें आवश्यक सेवाओं में व्यवधान व अर्थव्यवस्था के लिए खतरा भी शामिल है। हालांकि, यह फैसला कई सवाल भी खड़े करता है। क्या खालिद व शरजील को जमानत नहीं मिलने से उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है? क्या यूएपीए का इस्तेमाल सरकार द्वारा विरोधियों को चुप कराने के लिए किया जा रहा है? इन सवालों का जवाब देना हालांकि मुश्किल है, लेकिन यह स्पष्ट है कि यह फैसला कई मायनों में महत्वपूर्ण है। बहकावे में आकर देशविरोधी साजिश रचना एक गंभीर मसला है। देश की सुरक्षा और एकता को खतरा पहुंचाने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

# अचंभित दुनिया, बेलगाम ट्रंप



वेनेजुएला घटनाक्रम
डॉ घनश्याम बादल

> जिस तरह ट्रंप ने अमेरिका में बैठकर कोलंबिया और मेक्सिको के राष्ट्रपतियों को भी धमकी दी वह और भी ज्यादा चिंताजनक परिस्थितियों की ओर संकेत करता है। ट्रंप का यह अभियान उसी 'रूल्स-बेस्ड ऑर्डर' का शव परीक्षण है, जिसकी दुहाई पश्चिम दशकों से देता आया है। भले ही ट्रंप मादुरो पर ड्रग तस्करी एवं आतंक को बढ़ावा देने का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन सच कुछ और ही है। यदि ऐसे आरोप के आधार पर अमेरिका यह कार्रवाई करता है तो फिर उसका पहला टारगेट पाकिस्तान होना चाहिए था, लेकिन आतंकिस्तान का नाम पा चुके इस देश को वह गोद में बैठाकर रखता है। वहां के सेना अध्यक्ष को लोकतांत्रिक सरकार को एक तरफ करते हुए लंच पर बुलाता है। ऐसे में वह दोहरी नीति क्यों अपनाता है।

लोकतंत्र के स्वयं भू ठेकेदार और दुनियाभर में थानेदारी करने वाले अमेरिका ने जिस तरीके से वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनकी पत्नी सिलविया फ्लोरेस के साथ बेडरूम से घसीट कर, बंधक बनाकर हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियां डालकर डिटेंशन सेंटर में रखा है वह एक तानाशाह, वैध या अवैध राष्ट्रपति का अपहरण मात्र नहीं बल्कि वेनेजुएला के प्रतीक रूप में दुनिया भर के लोकतंत्र की आत्मा का अपहरण एवं प्रताड़ना है। इसके अलावा वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति को धमकी देना और समर्थन करने वाले राष्ट्रों को धमकाना भी ट्रंप की तानाशाही को दर्शाता है। बेलगाम ट्रंप के इन कदमों से पूरी दुनिया अचंभित है।

जब किसी संप्रभु देश का राष्ट्रपति खुले तौर पर यह कहता है कि उसने दूसरे संप्रभु देश में सैन्य या अर्धसैन्य अभियान चलाकर वहां के राष्ट्राध्यक्ष को बंधक बनाया, तो यह केवल एक देश की कार्रवाई नहीं अपितु अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और वैश्विक व्यवस्था की सामूहिक अवहेलना बन जाती है। यह वही अमेरिका है जो दुनिया को लोकतंत्र, मानवाधिकार और कानून का पाठ पढ़ाता रहा है। वैसे यह पहली बार नहीं हुआ है। इससे पहले भी अमेरिका का ताकत प्रदर्शन का यह चेहरा पहले भी कई बार सामने आ चुका है। चिली, पनामा, ग्वाटेमाला, अफगानिस्तान, वियतनाम, ईरान व इराक जैसे कितने ही देश में अमेरिका ने मनमाने आरोप लगाकर वहां के शासकों को सत्ता से बेदखल किया।

एब्सोल्यूट रेजोल्यूशन नाम के इस अभियान के बाद जिस तरह ट्रंप ने अमेरिका में बैठकर कोलंबिया और मेक्सिको की राष्ट्रपतियों को भी धमकी दी वह और भी ज्यादा चिंताजनक परिस्थितियों की ओर संकेत करता है। ट्रंप का यह अभियान उसी 'रूल्स-बेस्ड ऑर्डर' का शव परीक्षण है, जिसकी दुहाई पश्चिम दशकों से देता आया है। भले ही डोनाल्ड ट्रंप मादूरो पर ड्रग तस्करी एवं आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन सच कुछ और ही है। यदि ऐसे आरोप के आधार पर अमेरिका यह कार्रवाई करता है तो फिर उसका पहला टारगेट पाकिस्तान होना चाहिए था, लेकिन आतंकिस्तान का नाम पा चुके इस देश को वह गोद में बैठाकर रखता है। वहां के सेना अध्यक्ष को एक तरफ करते हुए लंच पर बुलाता है। अमेरिका की कथनी करनी में यह फर्क कोई पहली बार परिलक्षित नहीं हुआ है यह उसकी बहुत पुरानी फितरत रही है। यदि गहराई में जाया जाए तो इस अभियान का मूल राजनीतिक कारण है अपनी मनमाफिक सत्ता-परिवर्तन की ज़िद। और साथ ही साथ पेट्रोलियम, सोने एवं हीरे जैसे बहुमूल्य खनिजों की संपदा से मालामाल इस देश पर कब्जा करने की उसकी गिद्ध दृष्टि है।

वैसे वेनेजुएला के साथ अमेरिका का संघर्ष कोई एक दिन का नहीं है। ह्यूगो चावेज़ के समय से ही वाशिंगटन की असहजता जगज़ाहिर रही है। निकोलस मादुरो उस असहजता की निरंतरता हैं। अमेरिका को समस्या केवल मादुरो से नहीं, बल्कि उस राजनीतिक मॉडल से है जो अमेरिकी प्रभाव से बाहर निकलकर संसाधनों पर राष्ट्रीय नियंत्रण और सामाजिक राज्य की बात करता है।



ट्रंप के कृत्य से साफ है कि लोकतंत्र का सवाल केवल एक औज़ार था, असली लक्ष्य सत्ता-परिवर्तन। जब चुनाव, प्रतिबंध और कूटनीति काम नहीं आए, तो सीधा हस्तक्षेप ही अमेरिकी राजनीति का नंगा सच है।

इस घटनाका आर्थिक पक्ष तेल, डॉलर और सत्ता पर नियंत्रण है। वेनेजुएला दुनिया के सबसे बड़े प्रमाणित तेल भंडारों में से एक है। यह तथ्य इस पूरे घटनाक्रम की चाबी है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था और उसकी वैश्विक हैसियत तेल, डॉलर और नियंत्रण के त्रिकोण पर टिकी है। वेनेजुएला का अपने तेल संसाधनों पर संप्रभु नियंत्रण और चीन-रूस जैसे देशों से बढ़ता सहयोग, अमेरिका के लिए रणनीतिक चुनौती था। ट्रंप का अभियान दुनिया भर के देशों को खुला धमकी भरा संदेश है कि ऊर्जा संसाधनों पर स्वतंत्र नीति अपनाने की कीमत चुकानी पड़ती है। यह संदेश केवल वेनेजुएला के लिए नहीं, बल्कि उन तमाम देशों के लिए है जो वैश्विक आर्थिक ढांचे में अपनी शर्तों पर जीना चाहते हैं। अमेरिकी हस्तक्षेप के पीछे केवल राजनीति और अर्थशास्त्र नहीं, एक गहरी सांस्कृतिक मानसिकता भी है। उसके पीछे की धारणा है कि अमेरिका को जो उचित लगे, वही वैश्विक नैतिकता है और जो उसे चुनौती दे उसे नेस्तनाबूद करना उसके लिए अनैतिक नहीं है। लैटिन अमेरिका का इतिहास इस मानसिकता का शिकार रहा है चिली, ग्वाटेमाला, पनामा, निकारागुआ और अब वेनेजुएला। हो सकता है इसके बाद कोलंबिया और मैक्सिको की भी बारी आए। जिसकी झलक ट्रंप के उस अभियान भरे बयान के बाद मिल रही है, जिसमें उन्होंने मेक्सिको के राष्ट्रपति को अपनी जान की परवाह करने की खुली धमकी दी है। ख़ैर कल जो होगा सो होगा। अभी तो वेनेजुएला के घटनाक्रम का विश्व पर क्या प्रभाव पड़ेगा है इसका आकलन करना ज़रूरी है

राष्ट्रपति को बंधक बनाना केवल एक व्यक्ति का अपहरण नहीं, पूरे राष्ट्र की संप्रभुता का अपहरण है। इससे वेनेजुएला के भीतर राजनीतिक अस्थिरता बढ़ेगी, सामाजिक ध्रुवीकरण गहराएगा और हिंसा की आशंका प्रबल होगी। वहां का आम नागरिक जो पहले ही प्रतिबंधों, महंगाई और अभावों से जूझ रहा है अब और असुरक्षित महसूस करेगा। लोकतंत्र का दावा करने वाली ताक़तों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि आम जनता उनके एजेंडे में सबसे आख़िर में आती है। भले ही तात्कालिक रूप से रूस चीन ब्रिटेन व यूरोपीय यूनियन के देश ने इस घटनाक्रम की आलोचना की है, लेकिन सच यह भी है कि यह आलोचना केवल शाब्दिक निंदा तक ही सीमित रहने वाली है। इस घटनाक्रम ने भारत के सामने भी गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। भारत परंपरागत रूप से संप्रभुता, गैर-हस्तक्षेप और बहुध्रुवीय विश्व का पक्षधर रहा है। वेनेजुएला के साथ भारत के ऊर्जा संबंध भी रहे हैं। नैतिकता की दृष्टि से भारत के लिए चुप रहना आसान नहीं होगा, लेकिन किसी पक्ष का अंध समर्थन भी भारत की गुटनिरपेक्ष रणनीति के ख़िलाफ़ होगा, लेकिन यह सोचकर कि वेनेजुएला हमसे बहुत दूर का देश है इस मुद्दे पर चुप्पी खींच लेने से भारत की इमर्जिंग वर्ल्ड पावर की छवि पर भी एक बड़ा निशान खड़ा होगा। अमेरिका के इस दबंग कृत्य से संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय कानून और कूटनीति सब हाशिये पर जाते दिखाई दे रहे हैं। इसमें दो राय नहीं कि वेनेजुएला की घटना केवल एक देश की त्रासदी नहीं, वैश्विक लोकतंत्र की परीक्षा की घड़ी है। जब सेना हथियार और आर्थिक ताक़त को नीति और अपहरण को कूटनीति बना दिया जाए, तो दुनिया अराजकता की ओर बढ़ती है। आज वेनेजुएला है, कल कोई और होगा। सवाल यह नहीं कि अगला कौन, सवाल यह है कि क्या दुनिया इसे रोकने का साहस दिखाएगी?

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## इंदौर की चेतावनी
सुनील कुमार महला



# प्रदूषित जल से जन-जीवन पर गहराता जा रहा संकट

कहा गया है कि 'जल ही जीवन है।' लेकिन जल किसी की जान ले लें तो यह बहुत दुःखद ही कहा जाएगा। हाल ही में देश के सबसे साफ शहर माने जाने वाले इंदौर में गंदा पानी पीने से अब तक करीब 17 लोगों की मौत हो चुकी है। मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार फिलहाल शहर के 41 अस्पतालों में कुल 203 मरीजों का इलाज चल रहा है और इनमें से 34 लोगों को आईसीयू में रखा गया है। अच्छी बात यह है कि गंदे पानी पीने से उल्टी-दस्त फैलने के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और मरीजों को जरूरी मेडिकल सुविधा दी जा रही है। हालांकि, लोकल लोगों का दावा है कि गंदे पानी से छह महीने के एक बच्चे समेत कुल 17 लोगों की जान गई है। यह घटना मुख्यतः शहर के कुछ इलाकों में हुई, जहां सीवर लाइन और जलापूर्ति पाइपलाइन में लीकेज/क्रॉस-कनेक्शन के कारण दूषित पानी घरों तक पहुंचा। इस पानी के सेवन से लोगों को तेज दस्त, उल्टी, बुखार और डिहाइड्रेशन जैसी गंभीर समस्याएं हुईं तथा जांच में पानी में हानिकारक बैक्टीरिया (जैसे ई-कोलाई) पाए गए, जो मानव मल से फैलते हैं। भारत ही नहीं, आज विश्व स्तर पर दूषित जल एक गंभीर मानव-स्वास्थ्य और विकास समस्या बना हुआ है। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि विश्व तथा भारत-दोनों स्तरों पर दूषित जल (वाटर पोल्यूशन) के कारण लगभग समान हैं, हालांकि जनसंख्या घनत्व, औद्योगिकीकरण और प्रबंधन की कमी के कारण भारत में इनका प्रभाव अधिक गंभीर रूप में दिखाई देता है। प्रमुख कारणों में प्रमुख रूप से औद्योगिक अपशिष्टों, घरेलू सीवेज और मलजल, कृषि रसायनों का अत्यधिक उपयोग, ठोस कचरा और प्लास्टिक प्रदूषण, धार्मिक और सामाजिक गतिविधियां, खनन और निर्माण गतिविधियां तथा भूजल का प्राकृतिक व मानवजनित प्रदूषण आदि को शामिल किया जा सकता। यह बहुत ही दुखद है कि आज विभिन्न कल-कारखानों से निकलने वाला रासायनिक कचरा, भारी धातुएं (सीसा, पारा, आर्सेनिक), रंग, एसिड और विषैले तत्व बिना पर्याप्त शोधन के नदियों, झीलों और भूजल में छोड़ दिए जाते हैं। इससे जल न केवल पीने योग्य नहीं रहता, बल्कि जलीय जीवन भी नष्ट होता है।

जल प्रदूषण का एक सबसे बड़ा और गंभीर कारण प्लास्टिक माना जा रहा है। आधुनिक जीवनशैली में प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग किया जा रहा है जैसे पॉलीथिन बैग, बोतलें, पैकेजिंग सामग्री और डिस्पोजेबल वस्तुएं आदि। जिसके परिणामस्वरूप आज हमारी नदियों, झीलों और समुद्रों में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक पहुंच रहा है। पाठक जानते हैं कि प्लास्टिक जैव-अपघटित नहीं होता, बल्कि सैकड़ों वर्षों तक जल में बना रहता है। धीरे-धीरे माइक्रोप्लास्टिक में बदल जाता है। ये सूक्ष्म कण जलीय जीवों द्वारा निगल लिए जाते हैं, जिससे उनकी मृत्यु होती है और अंततः यही विषैले कण खाद्य श्रृंखला के माध्यम से मानव शरीर तक पहुंचते हैं। इसके अलावा प्लास्टिक जल प्रवाह को बाधित करता है, नालों को जाम करता है और जल स्रोतों की प्राकृतिक शुद्धता को नष्ट करता है। इसलिए प्लास्टिक प्रदूषण न केवल पर्यावरण बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी एक गंभीर खतरा बन चुका है। आज दूषित जल की समस्या वैश्विक है, लेकिन भारत में कचरा प्रबंधन की कमजोरी इसे और गंभीर बनाती है। हमारा देश एक धार्मिक देश है और हमारे यहां नदियों, झीलों, पानी के विभिन्न स्रोतों आदि में मूर्तियों का विसर्जन, पूजा सामग्री, अस्थि विसर्जन और सामूहिक स्नान जैसी गतिविधियां जल में रसायन, रंग और जैविक कचरा बढ़ाती हैं, जिससे जल की गुणवत्ता प्रभावित होती है। निष्कर्षतः, हम यहां यह बात कही सकते हैं कि आज विश्व और भारत दोनों में दूषित जल की समस्या मानव गतिविधियों का ही परिणाम है। यदि समय रहते प्रभावी जल प्रबंधन, अपशिष्ट शोधन और जन-जागरूकता नहीं बढ़ाई गई, तो यह समस्या भविष्य में और भी भयावह रूप ले सकती है। यदि हम यहां जल से संबंधित आंकड़ों की बात करें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ के अनुसार आज भी दुनिया में लगभग 2.2 अरब लोग सुरक्षित रूप से प्रबंधित पेयजल सेवा से वंचित हैं, यानी उन्हें ऐसा पानी नहीं मिल पाता जो घर पर उपलब्ध, निरंतर और दूषण-मुक्त हो। इनमें से करीब 1.7 अरब लोग ऐसे जल स्रोतों का उपयोग करते हैं, जिनमें मल-जनित प्रदूषण का जोखिम रहता है, जबकि लगभग 115 मिलियन लोग सीधे नदियों, तालाबों और झीलों जैसे सतही जल पर निर्भर हैं। आंकड़े बताते हैं कि दूषित पानी के सेवन से हर वर्ष लगभग 5 लाख से अधिक लोगों की मौत होती है, जो एक गंभीर समस्या है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मन को स्थिर रखना ही जीवन का सूत्र



संकलित
**दर्शन**

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्र में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

# कोयल अपनी वाणी को मधुर बना लेना



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार वसंत ऋतु में एक कोयल वृक्ष पर बैठी कूक रही थी। आते-जाते लोग उसकी कूक को सुनते और उसकी सुरीली आवाज का आनंद लेते हुए उसकी तारीफ के पुल बांधते। कुछ देर बाद कोयल के सामने एक कौआ तेज गति से आया। कोयल ने उससे पूछाः इतनी तेज गति से कहां जा रहे हो? कुछ देर बैठो, बातें करते हैं। कौए ने उत्तर दियाः कि वह जरा जल्दी में है और देश को छोड़कर परदेस जा रहा है। कोयल ने इसका कारण पूछा तो कौआ बोलाः यहां के लोग बहुत खराब हैं। सब तुम्हें ही चाहते हैं। सभी लोग सिर्फ तुम्हारा आदर करते हैं। वह यही चाहते हैं कि तुम हमेशा की तरह इसी प्रकार से उनके क्षेत्र में गाती रहो। वहीं जहां तक मेरी बात है तो मुझे कोई देखना तक नहीं चाहता। यहां तक कि मैं किसी की मुंडेर पर बैठता हूं तो मुझे कंकड़ मारकर वहां से भगा दिया जाता है। मेरी आवाज भी कोई नहीं सुनना चाहता। जहां मेरा अपमान हो, मैं ऐसे स्थान पर एक क्षण भी नहीं रहना चाहता। ज्ञानियों ने भी हमें यही शिक्षा दी है कि अपमान की जगह पर नहीं रहना चाहिए। यह सुनकर कोयल बोली, परदेस जाना चाहते हो तो बड़े शौक से जाओ। यह पूरी तरह से तुम्हारी इच्छा पर निर्भर है। लेकिन एक बात का सदैव ध्यान रखना कि वहां जाने से पहले अपनी आवाज को बदल लेना। अपनी वाणी को मधुर बना लेना। यदि तुम्हारी वाणी ठीक वैसी ही कठोर रही, जैसी यहां पर है तो परदेस में भी लोग तुम्हारे साथ वही व्यवहार करेंगे जो अभी हो रहा है। संसार जो है, जैसा भी है, उसे बदला नहीं जा सकता।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पानी में भी भ्रष्टाचार का जहर तो नहीं मिल गया?

प्राणी जाति के लिए साफ-सथुरा पानी अमृत है तो दूषित पानी जहर होता है, इसका सेवन करने से बचें। अक्सर देश के विभिन्न राज्यों में दूषित पानी लोगों की सेहत का दुश्मन बन जाता है। आजकल वो शहर इंदौर जिसे स्वच्छ भारत अभियान में नंबर वन का खिताब मिला है, वहां दूषित पानी से लोगों की मौत सुर्खियां बनी हुई हैं। अगर सबसे स्वच्छ स्थान का ही यही हाल बेहाल है तो बाकी राज्यों का क्या हाल होगा? लेकिन सवाल तो यह है कि आखिर पानी दूषित कैसे हो जाता है? क्या पानी की सप्लाई के लिए जो व्यवस्था है, उसकी समय-समय पर जांच नहीं की जाती? या फिर संबंधित विभाग के बाबुओं को मोटी सैलरी से ही मतलब है? कहीं इसमें भी भ्रष्टाचार तो नहीं हो रहा है? *– विवेक पटनायक, रायगढ़*


## ट्रेंड

### हमारी महान संस्कृति



हमारी महान संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत अनगिनत हमलों की भी साक्षी रही है। यह देशवासियों की सामूहिक शक्ति ही है, जिसने हमारी सांस्कृतिक धरोहर को हमेशा अक्षुण्ण रखा है।
वनानि दहतो वह्नेः सखा भवति मारुतः।
स एव दीपनाशाय कृशे कस्यास्ति सौहृदम्।।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### समुद्र सुरक्षित



एक सुरक्षित और स्वच्छ समुद्र ही सुरक्षित व्यापार, सुरक्षित जीवन और सुरक्षित पर्यावरण की गारंटी देता है। ऐसे में 'समुद्र प्रताप' जैसे प्लेटफॉर्म समुद्री सुरक्षा को प्रभावी रूप से सुनिश्चित करते हैं।
**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### जनता की पैरवी करूंगी



चुनाव आयोग व्हाट्सएप पर चलाया जा रहा है। जब से एसआईआर शुरू हुई है, डर के मारे 70 लोगों की मौत हो चुकी है। जरूरत पड़ने पर मैं सुप्रीम कोर्ट जाऊंगी और जनता के लिए पैरवी करूंगी। जनता की आवाज उठाउंगी।
**-ममता बनर्जी, सीएम पश्चिम बंगाल**

### यह हमारा निजी मामला



धर्मेंद्र के निधन के बाद मेरे परिवार द्वारा दो अलग-अलग प्रार्थना सभाएं आयोजित करने का निर्णय निजी मामला था। हमने आपस में बात की थी। मैंने अपने घर पर एक प्रार्थना सभा रखी, क्योंकि मेरे करीबी लोग अलग हैं और उनके अलग।
**-हेमा मालिनी, अभिनेत्री व सांसद**

## करंट अफेयर

# इमरान से जुड़ा गाना गाने पर गायक के खिलाफ मामला दर्ज



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस ने एक कार्यक्रम के दौरान जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से जुड़ा गाना गाने के आरोप में एक पेशेवर गायक और उसकी टीम के खिलाफ मामला दर्ज किया। पंजाब पुलिस के एक प्रवक्ता ने सोमवार को बताया, 'शनिवार रात लाहौर के शालीमार गार्डन में सरकार द्वारा प्रायोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान 'कैदी नंबर 804' गाना गाने के आरोप में जाने-माने कव्वाल फराज अमजद खान और उनकी टीम के सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।' उन्होंने बताया कि गायक और उनकी टीम ने सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम को राजनीतिक रंग देकर 'जनता को भड़काने' की कोशिश की क्योंकि यह गाना जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान से जुड़ा है। प्राथमिकी के मुताबिक, "विवादित गीत से अशांति और हिंसा भड़कने का खतरा था। संगीत और सांस्कृतिक संध्या 'चांदनी रातें' का आयोजन लाहौर प्राधिकरण द्वारा किया गया था। दूसरी ओर, गायक फराज अमजद खान ने पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज से उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया और कहा कि उन्हें इस 'इमरान समर्थक गीत' को गाने के लिए धमकाया गया था।

## ऑफ बीट

# कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक



अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**एशेज:** ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी में 166 रन, हेड शतक के करीब

# रूट का शतक, इंग्लैंड 384 रन पर मजबूत, हेड की आक्रामक पारी से ऑस्ट्रेलिया का पलटवार

एजेंसी ▶▶| सिडनी

जो रूट के मौजूदा एशेज श्रृंखला के दूसरे शतक से इंग्लैंड ने पांचवें टेस्ट मैच के दूसरे दिन बड़ा स्कोर बनाया लेकिन ट्रेविस हेड की आक्रामक बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में शानदार शुरुआत की। रूट की 160 रन की पारी के बदौलत इंग्लैंड की पहली पारी चाय के विश्राम से पहले 384 रन पर सिमटी गई। यह ऑस्ट्रेलिया में रूट का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट स्कोर है। दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 166 रन बना लिए थे। हेड 87 गेंद में 91 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। वह पांच मैचों की श्रृंखला में अपने तीसरे शतक से नौ रन दूर हैं। बेन स्टोक्स ने दिन के आखिरी सत्र में जैक वेदरल्ड (21) और शानदार बल्लेबाजी कर रहे मार्नस लाबुशेन (48) को आउट कर दो सफलता हासिल की। रूट ने 242 गेंद में 160 रन बनाए और वह माइकल नेसेर को रिटर्न कैच देकर लौटे। नेसेर ने 60 रन देकर चार विकेट चटकाए। रूट ने अपनी पारी में 15 चौके जड़े।



### ऑस्ट्रेलिया की तेज शुरुआत

हेड और वेदरल्ड ने इसके बाद ऑस्ट्रेलिया को तेज शुरुआत दिलाई। दोनों से महज 10 ओवर के अंदर टीम के स्कोर को 50 रन तक पहुंचा दिया। इसके बाद गेंदबाजी के लिए आए स्टोक्स ने वेदरल्ड को पगबाधा कर ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया। हेड ने आक्रमक पारी जारी रखते हुए 55 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने इस दौरान श्रृंखला में 500 रन के आंकड़े को भी पार किया। हेड और लाबुशेन ने 105 रन की साझेदारी के साथ इंग्लैंड की मुश्किलें बढ़ा दी लेकिन स्टोक्स ने दिन के आखिरी ओवरों में लाबुशेन को गली में कैच कराके टीम को बड़ी सफलता दिलाई। हेड के साथ रात्रि प्रहरी नासेर (एक रन) क्रीज पर मौजूद हैं।

### ट्रैवस का बड़ा कारनामा

पांचवे टेस्ट की पहली पारी में हेड ने अपनी रनों की रफ्तार को बनाए रखा और 63 रन के स्कोर पर पहुंचते ही एशेज 2025-26 में अपने 500 रन पूरे कर लिए। ऐसा करने वाले वह पहले खिलाड़ी बन गए। मौजूदा एशेज सीरीज में हेड 500 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज हैं। उनके आसपास भी कोई नहीं हैं। हेड ने एशेज में 500 रन का आंकड़ा छूते ही बड़ा कमाल कर दिया है। दरअसल, ट्रैविस हेड 21वीं सदी में एशेज सीरीज में 500 से ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई ओपनर बन गए हैं। इससे पहले डेविड वॉर्नर ने एशेज 2013-14 में 500 से ज्यादा रन बनाने का कारनामा किया था।

### स्टोक्स ने की बड़े कीर्तिमान की बराबरी

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच की पहली पारी में बेन स्टोक्स ने अभी तक दो विकेट हासिल किए हैं। इसी के साथ वह टेस्ट में इंग्लैंड के लिए संयुक्त रूप से ज्यादा विकेट लेने वाले कप्तान बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के बॉब विलिस की बराबरी कर ली है। इन दोनों प्लेयर्स ने इंग्लैंड के लिए टेस्ट कप्तान के तौर पर कुल 77-77 विकेट हासिल किए हैं। अभी पांचवें टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी में 8 विकेट गिरने और बाकी हैं। इसके अलावा दूसरी पारी भी बची हुई है। अगर इसमें बेन स्टोक्स एक और विकेट ले लेते हैं, तो वह इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले कप्तान बन जाएंगे और बॉब विलिस का रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

### स्टोक्स-लाबुशेन के बीच तीखी बहस

एशेज के पांचवें मुकाबले के दूसरे दिन मैदान पर माहौल गर्मा गया। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन के बीच तीखी बहस देखी गई। ट्रेविस हेड ने इंग्लैंड के कप्तान की गेंदों पर लगातार बाउंड्री लगाकर 29वां ओवर खत्म किया, जिसने स्टोक्स को गुस्सा दिला दिया था। जब स्टोक्स ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के पास से गुजरे, तो उन्होंने लाबुशेन से कुछ कहा और उनकी ओर इशारा किया, जिसके बाद टकराव बढ़ गया। इसके बाद स्टोक्स मुड़े और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के पास गए। उन्होंने ट्रैविस हेड के कंधे पर हाथ रखा। दोनों के बीच कुछ बातचीत हुई। इस बीच अंपायर को दखल देना पड़ा।

### पोंटिंग की बराबरी पर पहुंचे रूट

इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने टेस्ट शतकों के मामले में ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग की बराबरी कर ली है। रूट ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध एशेज सीरीज के पांचवें मैच की पहली पारी में 160 रन की पारी खेली। यह उनका 41वां टेस्ट शतक रहा। टेस्ट करियर में पोंन्टिंग ने 168 टेस्ट मैच खेले और 41 शतक लगाए। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहा टेस्ट रूट का इंग्लैंड के लिए 163वां टेस्ट है। टेस्ट इतिहास में सर्वाधिक शतकों के मामले में सचिन तेंदुलकर शीर्ष पर हैं, जिन्होंने 200 मुकाबलों की 329 पारियों में 51 शतक लगाए हैं। वहीं, साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज जैक कैलिस ने 166 टेस्ट मुकाबलों में 45 शतक अपने नाम किए।

## जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स से अलग हुए चोपड़ा, एक दशक पुराना नाता तोड़ा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स के साथ एक दशक पुराना रिश्ता तोड़ दिया है और अब वह अपनी खिलाड़ी प्रबंधन फर्म वेल स्पोटर्स शुरू करेंगे। चोपड़ा 2016 में जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स से जुड़े थे। चोपड़ा ने कहा,' पिछले एक दशक से हमारा सफर विकास, विश्वास और उपलब्धियों से भरा रहा है। मेरे कैरियर में जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स की अहम भूमिका रही है और उनके सहयोग और दृष्टिकोण के लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगा।' उन्होंने कहा,' इस अध्याय को खत्म करने के साथ मैं उन्हीं मूल्यों को अपने सफर के अगले चरण में लेकर जा रहा हूं।' जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स के सीईओ दिव्यांशु सिंह ने कहा,' नीरज के साथ काम करना हम सभी के लिए शानदार अनुभव रहा। उनकी सफलता की कहानी श्रेष्ठता और लक्ष्य के प्रति हमारे साझे फलसफे को दर्शाती है। हमने मिलकर जो भी उपलब्धियां अर्जित की हैं, उस पर हमें गर्व है और हम उन्हें भविष्य के लिये शुभकामना देते हैं।'

## पूर्व विश्व बिलियर्ड्स चैंपियन मनोज कोठारी का निधन

**कोलकाता।** पूर्व विश्व बिलियर्ड्स चैंपियन मनोज कोठारी का सोमवार को तमिलनाडु के तिरुनेलवेली स्थित एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। यह जानकारी उनके परिवार के एक सदस्य ने 'पीटीआई' को दी। वह 67 वर्ष के थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी और पुत्र सौरव कोठारी (पूर्व विश्व चैंपियन) और बेटी श्रेया कोठारी हैं। राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच कोठारी का तिरुनेलवेली के एक अस्पताल में एक सप्ताह से अधिक समय से इलाज चल रहा था। परिवार के सदस्य ने बताया कि सुबह करीब 7.30 बजे उन्हें दिल का दौरा पड़ा। उनका अंतिम संस्कार सोमवार शाम को तिरुनेलवेली के पास हुआ।



## 'खेलो इंडिया बीच गेम्स' की रंगारंग शुरुआत

**दीव।** 'खेलो इंडिया बीच गेम्स' (केआईबीजी) के दूसरे सत्र का सोमवार को घोघला बीच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष संदेश के साथ रंगारंग शुभारंभ हुआ। देश भर से 1,100 से अधिक खिलाड़ी आठ अलग-अलग खेलों (वॉलीबॉल, फुटबॉल, सेपक टकरा, कबड्डी, पेंचक सिलाट, ओपन वाटर स्विमिंग, मल्लखंब और रस्साकशी) में प्रतिस्पर्धा करेंगे। ये खेल 10 जनवरी को समाप्त होंगे। मल्लखंब और रस्साकशी को छोड़कर बाकी सभी पदक वाले मुकाबले होंगे और इनमें 32 स्वर्ण पदक दांव पर होंगे। इन खेलों को लेकर दीव में उत्सव का माहौल है और खेलो इंडिया बीच खेलों का शुभंकर 'पर्ल (खुशमिजाज और ऊर्जावान डॉल्फिन)' खिलाड़ियों, सहायक कर्मचारियों, स्वयंसेवकों और केआईबीजी 2026 से जुड़े सभी हितधारकों का स्वागत कर रहा है।

निकहत, लवलीना और मीनाक्षी भी जीते

# अभिनाश जामवाल ने शिव थापा को हराया



भाषा ग्रेटर ▶▶| नोएडा

प्रतिभावान भारतीय मुक्केबाज अभिनाश जामवाल ने अनुभवी शिव थापा पर शानदार जीत के साथ अपने खिताब का बचाव शुरू किया जबकि निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन भी सोमवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दूसरे दिन आसानी से जीत दर्ज करने में सफल रहीं। तेइस वर्षीय जामवाल ने असम के शिव पर सर्वसम्मत फैसले से शानदार जीत दर्ज की। जामवाल की बढ़ती परिपक्वता और अंतरराष्ट्रीय अनुभव मुकाबले में साफ दिखा क्योंकि उन्होंने धैर्य के साथ डिफेंस किया और अपनी लंबी पहुंच का पूरा फायदा उठाया। हिमाचल प्रदेश के जामवाल ने मुकाबले के बाद कहा, ''जब भी मैं उनके साथ खेलता हूं तो मुझे बहुत अच्छा लगता है। मैं बहुत कुछ सीखता हूं। हम बाद में मुकाबले के बारे में भी चर्चा करते हैं।'' कई बार के राष्ट्रीय चैंपियन शिव लगातार दूसरे साल जामवाल से हारे और उन्होंने अपने युवा प्रतिद्वंद्वी की खूब तारीफ की। शिव ने कहा, ''वह सिर्फ एक अच्छा मुक्केबाज नहीं है, वह एक अच्छा इंसान भी है और उसमें खेल भावना है। शिविर में पहले दिन से ही मैंने उसे देखा है, तब वह मेरे वजन वर्ग में नहीं था, तब भी हम साथ मुक्केबाजी करते थे, हमने शायद सैकड़ों बार साथ में मुक्केबाजी की है। उसमें लगन है और इस तरह के मुक्केबाज आगे बढ़ते हैं।'' पहले दिन की अफरा-तफरी का असर दूसरे दिन भी महसूस किया गया जब 30 से अधिक महिलाओं के मुकाबले सुबह के सत्र में स्थानांतरित कर दिए गए जबकि दोपहर का सत्र भी तय समय से पहले शुरू हो गया। कई अंतरराष्ट्रीय पदक जीतने वाली एक मुक्केबाज ने पीटीआई को बताया, ''मैं आज सुबह उठी और मुझे बताया गया कि सत्र जल्दी शुरू हो रहा है। मुझे जल्दी-जल्दी तैयार होकर समय पर यहां पहुंचना पड़ा।'' मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी, दो बार की विश्व चैंपियन निकहत और तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना ने शानदार अंदाज में जीत दर्ज करते हुए अपने अभियान की शुरुआत की।

## नाडा ने जारी की आरटीपी सूची, स्मृति और जेमिमा का नाम शामिल

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्ज राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) की 2026 की पहली तिमाही के लिए पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल की गईं महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं जबकि 347 सदस्यीय सूची में 118 खिलाड़ियों के साथ सबसे अधिक एथलीट को जगह मिली है। पिछली आरटीपी सूची में 227 खिलाड़ी शामिल थे और इस बार इसमें 120 नाम और जोड़े गए हैं। खिलाड़ियों की सूची में यह इजाफा इस साल होने वाले राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों तथा भारत द्वारा अधिक आक्रामक परीक्षण पर जोर देने की वजह से हुआ है।



## नए सत्र की मजबूत शुरुआत पर सेन और सिंधू की नजर

**कुआलालंपुर।** लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू समेत भारतीय खिलाड़ी मंगलवार 6 जनवरी से शुरू हो रहे सत्र के शुरुआती 1450000 डॉलर ईनामी राशि वाले मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उतरेंगे तो उनकी नजरें मजबूती से शुरुआत करने पर लगी होंगी। भारतीय खिलाड़ियों के लिए 2025 अच्छा नहीं रहा, जिसमें शीर्ष खिलाड़ी चोटों और खराब फॉर्म से जूझते रहे। अब फोकस शुरू ही से अच्छा प्रदर्शन करके अगले सप्ताह दिल्ली में होने वाले इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट की तैयारी पुख्ता करने पर होगा। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे लक्ष्य सेन ने आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 जीतकर लय हासिल की।

# अंडर-19 क्रिकेट: सूर्यवंशी की 68 रन की ताबड़तोड़ पारी से भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 2 विकेट से हराया

**वैभव की 19 बॉल पर फिफ्टी, 10 छक्के लगाए**

एजेंसी ▶▶| बेनोनी

कप्तान वैभव सूर्यवंशी की 24 गेंदों में 68 रनों की तूफानी पारी की बदौलत भारत अंडर-19 टीम ने सोमवार को यहां युवा वनडे श्रृंखला के दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका को डकवर्थ लुईस पद्धति से आठ विकेट से हराकर 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। भारत ने तीन मैचों की इस श्रृंखला में इससे पहले विलोमूर पार्क में खेले गए पहले वनडे में डकवर्थ लुईस पद्धति से 25 रन से जीत दर्ज की थी। श्रृंखला में दूसरी बार खराब मौसम से मैच प्रभावित हुआ। आकाशीय बिजली गिरने के कारण खेल काफी देर तक रुका रहा और भारतीय टीम के लिए



लक्ष्य को संशोधित करके 27 ओवरों में 174 रन कर दिया गया। भारतीय टीम ने 12.5 ओवर में दो विकेट पर 115 रन बना लिये तब आकाशीय बिजली गिरने के कारण खेल रोकना पड़ा। खेल शुरू होने पर भारत ने 23.3 ओवर में दो विकेट 176 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय पारी के दौरान खराब मौसम के कारण शुरुआती रुकावट से पहले सूर्यवंशी ने अपनी पारी में 10 छक्के और एक चौका जड़ा मैच पर टीम की पकड़ मजबूत कर दी। वेदांत त्रिवेदी (57 गेंदों पर 31 रन नाबाद) और अभिज्ञान कुंडू (42 गेंदों पर 48 रन नाबाद) ने तीसरे विकेट के लिए 81 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले जेसन रोल्स की 117 गेंद में सात चौके और तीन छक्के की मदद से खेली गयी।

### छक्के से खोला खाता

सूर्यवंशी ने छक्के के साथ खाता खोला। फिर एक रन लिया। उन्होंने तीसरी गेंद पर फिर से छक्के लगाया। इसके बाद उन्होंने सिर्फ छक्के लगाकर रन बटोरे।


हरियाणा सरकार

## धरोहर शास्त्री इंटर्नशिप कार्यक्रम

**हरियाणा की दस्तावेज़ी विरासत से सीखने का अवसर**

हरियाणा राज्य अभिलेखागार विभाग राज्य की प्रशासनिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक अभिलेखीय धरोहर के संरक्षण, प्रबंधन और अध्ययन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

इसी उद्देश्य से विभाग द्वारा धरोहर शास्त्री इंटर्नशिप कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है, जो विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं आम नागरिकों को अभिलेखीय कार्यों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करेगा।

यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप है, जो अनुभवात्मक शिक्षा, कौशल विकास एवं धरोहर जागरूकता को प्रोत्साहित करता है।

**कार्यक्रम का सारांश**

| पाठ्यक्रम / विषय | पात्रता मानदंड | अवधि |
|---|---|---|
| इतिहास | डिप्लोमा धारक, स्नातक (द्वितीय वर्ष से), स्नातकोत्तर, शोधार्थी | 1 माह |
| अभिलेख विज्ञान | इतिहास, धरोहर, पुरातन विषयों में रुचि रखने वाले, न्यूनतम स्नातक | |
| पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान | विदेशी नागरिक (उपयुक्त शैक्षणिक दस्तावेज सहित) | |
| अन्य सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी विषय | मान्यता प्राप्त संस्थान या प्रासंगिक पृष्ठभूमि वाले अभ्यर्थी | |

**नोटः** इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन करते समय अनिवार्य दस्तावेज़ जैसे सीवी, उद्देश्य विवरण (Statement of Purpose) तथा अन्य सहायक दस्तावेज़ के साथ रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरें।

**मुख्य विशेषताएं:**

- हरियाणा की अभिलेखीय धरोहर व दस्तावेज़ों से जुड़ने का अवसर
- संरक्षण, अभिलेखीकरण व डिजिटलीकरण की व्यावहारिक समझ
- शैक्षणिक एवं व्यावसायिक कौशल विकास का उत्कृष्ट माध्यम



अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:
www.haryanaarchives.gov.in archives@hry.nic.in 0172-2992112

सोशल मिडिया पर जुड़ने के लिए क्यू. आर. कोड स्कैन करें

रजिस्टर करने के लिए क्यू. आर. कोड स्कैन करें

अभिलेखागार विभाग, हरियाणा

(अभिलेखागार विभाग, सिंचाई भवन, बी-ब्लॉक, चौथी मंजिल, सैक्टर-5, पंचकूला द्वारा जनहित में जारी।)

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana


हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28




## मादुरो के बेटे गुएरा ने ट्रंप और अमेरिका को जमकर सुनाई खरी-खोटी

# चेतावनी देते हुए बोले- मां कसम... इतिहास बताएगा 'गद्दार' कौन था? बेनकाब करेंगे

एजेंसी ▶▶ काराकस

वेनेजुएला में सत्ता परिवर्तन के बाद अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के बेटे निकोलस मादुरो गुएरा का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने वेनेजुएला को धोखा दिया है और आने वाले समय में उन चेहरों को बेनकाब किया जाएगा। सोशल मीडिया पर जारी ऑडियो रिकॉर्डिंग में उन्होंने कहा कि इतिहास बताएगा कि गद्दार कौन था, इतिहास इसका खुलासा करेगा। मादुरो गुएरा ने कहा, वे हमें कमजोर देखना चाहते हैं। हम सम्मान और गरिमा के झंडे बुलंद करेंगे। क्या इससे हमें दुख होता है? बिल्कुल दुख होता है, हमें गुस्सा आता है, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाएंगे, धिक्कार है। मैं अपनी जिंदगी, अपनी मां, सिलिया की कसम खाता हूं वह ऐसा नहीं कर पाएंगे। निकोलस मादुरो के बेटे गुएरा ने अपने समर्थकों को सार्वजनिक आंदोलनों में हिस्सा लेने का आह्वान किया ताकि वे लीडरशिप के इर्द-गिर्द जमा हो और एकता को मजबूत कर सकें। मादुरो गुएरा वेनेजुएला की सत्ताधारी यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी (पीएसयूवी) के सदस्य हैं। अमेरिकी फेडरल प्रॉसिक्यूटर का आरोप हे कि गुएरा एक बड़े ड्रग्स नेटवर्क का मुख्य सरगना है, जिसने वेनेजुएला से अमेरिका तक नशीले पदार्थों को पहुंचाने के लिए सरकारी संपत्तियों, मिलिट्री, और राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल किया। निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस इस समय अमेरिका में हिरासत में हैं। उन्हें सोमवार को न्यूयॉर्क के एक फेडरल कोर्ट में पेश किया जाएगा। उन पर अमेरिका नारको-टेररिज्म और ड्रग्स तस्करी की साजिश के आरोप लगाए हैं। निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को वेनेजुएला का अंतरिम राष्ट्रपति बनाया गया है। उन्हें निकोलस मादुरो का सबसे भरोसेमंद समर्थक माना जाता है।

*गुएरा ने कहा- हम वेनेजुएला के सम्मान वाले झंडे को बुलंद करेंगे*

*उधर अमेरिका ने कहा- ड्रग्स नेटवर्क का सरगना है गुएरा*

### वेनेजुएला पर हमले के बाद ग्रीनलैंड सुर्खियों में


लाल कैप में गुएरा, पिता मादुरो, इंसेट में ट्रंप

### भड़का चीनः नहीं चलने देंगे अमेरिकी दादागीरी



चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सख्त लहजे में कहा कि कोई भी देश दुनिया का पुलिसकर्मी या अंतराष्ट्रीय न्यायाधीश बनने का हकदार नहीं है। उन्होंने इस हमला को लेकर कहा कि यह अंतराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन है और वेनेजुएला की संप्रुभता पर हमला है। चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि एकतरफा दादागीरी नहीं चलेगी। जिनपिंग ने वैश्विक मामलों में 'एकतरफा और दादागिरी भरे कृत्यों' की आलोचना करते हुए प्रमुख शक्तियों से अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का सम्मान करने का आग्रह

### किम जोंग ने अमेरिका को दी खुली धमकी



उत्तर कोरिया ने वेनेजुएला में अमेरिका की कार्रवाई को गुंडागर्दी बताया है। उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय का कहना है कि अमेरिका की यह कार्रवाई किसी भी देश की आजादी और संप्रभुता पर किया गया सबसे गंभीर हमला है। उत्तर कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग-उन ने अमेरिका को खुली चेतावनी देते हुए कहा है कि यह कार्रवाई दुनिया को विश्व युद्ध की ओर ले जा सकती है। किम जोंग-उन ने डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी नेतृत्व से मांग की कि वे तुरंत मादुरो की स्थिति सार्वजनिक करें।

**दुनिया की नजरें ग्रीनलैंड पर केंद्रित** *वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले के कुछ ही घंटों बाद ही दुनिया की नजरें ग्रीनलैंड पर केंद्रित हो गईं। इसकी वजह सीधे तौर पर डोनाल्ड ट्रंप का बयान है। दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप अपने पिछले कार्यकाल में भी ग्रीनलैंड को खरीदने का प्रस्ताव दे चुके हैं।*

## तटरक्षक बल के बेड़े में शामिल हुआ स्वदेशी पोत समुद्र प्रताप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत ने आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ी सफलता हासिल कर ली है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को भारतीय तटरक्षक बल के बेड़े में 60 प्रतिशत से ज्यादा स्वदेशी सामग्री से बना प्रदूषण नियंत्रण पोत ' समुद्र प्रताप ' को शामिल किया। आपको बता दें कि वैसे तो समुद्र प्रताप को प्रदूषण कंट्रोल के लिए डिजाइन किया गया है। लेकिन यह सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन में भी उतना ही सक्षम है, तटीय गश्त में भी उतना ही प्रभावी है, और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने में भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इस शिप में एक ही प्लेटफार्म पर कई क्षमताओं को इंटीग्रेट किया गया है। रक्षामंत्री के अनुसार यही आधुनिक अप्रोच आज की समुद्री चुनौतियों की मांग है, जहां लचीलापन और तैयारी दोनों एक समान महत्वपूर्ण हैं। 'समुद्र प्रताप' का निर्माण गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा किया गया है। प्रदूषण नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' 115 मीटर लंबा और लगभग 4,200 टन वजनी है। यह शक्तिशाली पोत 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी तकनीक से बनाया गया है।

**खास**
लंबाई
**115 मीटर**
वजन
**4,200 टन**

## परिवार के समेत 20 लोग छोड़ेंगे देश

# डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद ईरान छोड़ने की तैयारी कर रहे हैं खामेनेई?

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में विरोध प्रदर्शन की आग उग्र होने और कई प्रदर्शनकारियों की मौत पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप की धमकी के बाद अब एक रिपोर्ट में बड़ा दावा किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आर्थिक संकट के खिलाफ ईरान में बड़े पैमाने पर हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच, ईरान के अयातुल्ला अली खामेनेई के देश से भागने की योजना बना रहे हैं। खामेनेई के पास इसे लेकर एक बैक-अप प्लान है। रिपोर्ट में एक इंटेलिजेंस रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा गया है कि खामेनेई अपने 20 करीबी सहयोगियों और परिवार के साथ ईरान से भागने की योजना बना रहे हैं।

### बेटे मोजतबा को भी साथ ले जाएंगे खामेनेई



ब्रिटिश अखबार ने खुफिया सूत्रों के हवाले से कहा कि 'प्लान बी' अयातुल्ला खामेनेई और उनके बेहद करीबी सहयोगियों व परिवार के लिए तैयार किया गया है। इसमें उनके बेटे और नॉमिनेटेड उत्तराधिकारी मोजतबा खामेनेई भी शामिल हैं। पूर्व इजरायली खुफिया अधिकारी बेनी साबती के अनुसार, खामेनेई रूस के लिए रवाना होंगे, क्योंकि उनके पास भागने के लिए और कोई जगह नहीं है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि खामेनेई पहले भी यह भरोसा जता चुके हैं कि वो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की 'सराहना करते हैं'।

## पीओके समेत पूरा जम्मू-कश्मीर भारत को मिलना चाहिए



**जयपुर।** ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन ने जम्मू और कश्मीर पर भारत के रुख के लिए अपने लंबे समय से चले आ रहे समर्थन को दोहराया है। ब्लैकमैन ने पीओके पर पाकिस्तान के अवैध कब्जे का विरोध करते हुए कहा कि पूरे जम्मू और कश्मीर को भारत के साथ फिर से मिला देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को खत्म करने की उनकी मांग तीन दशक से भी ज्यादा पुरानी है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की ओर से 2019 में लिए गए फैसले से जुड़ी नहीं है। जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब में एक हाई-टी कार्यक्रम में बोलते हुए, ब्लैकमैन ने कहा कि उनका यह रुख 1990 के दशक की शुरुआत में बना था, खासकर कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन के बाद।

## आंध्र प्रदेश के कपल की अमेरिका में दर्दनाक मौत



**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश का एक कपल अमेरिका में भीषण सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसा इतना भयानक था कि दोनों पति-पत्नी की मौके पर मौत हो गई। वहीं, उनके दोनों बच्चों की हालत गंभीर है। उन्हें नजदीकी अस्पातल में भर्ती किया गया है। 45 वर्षीय कृष्णा किशोर अमेरिका में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। वो अपनी 40 वर्षीय पत्नी आशा और 2 बच्चों के साथ अमेरिका में रहते थे। ये परिवार आंध्र प्रदेश के पालाकोल्लू से ताल्लुक रखता है। कुछ दिन पहले ही दोनों आंध्र प्रदेश स्थित अपने घर आए थे और 10 दिन पहले अमेरिका वापस लौट गए थे। हादसा अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में हुआ। हादसे के दौरान कार में कृष्णा और आशा के अलावा उनका बेटा और बेटी भी मौजूद थे।

## हिंदू विधवा के साथ दुष्कर्म, आरोपियों ने पेड़ से बांधकर उसके काट दिए बाल

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। हाल ही के कुछ दिनों में 4 हिंदुओं की हत्या के बाद अब एक हिंदू विधवा महिला के साथ दरिंदगी का मामला सामने आया है। घटना झेनैदाह जिले के कालिगंज में नादिपारा इलाके में हुई। आरोप है कि यहां के दो स्थानीय बदमाशों ने 40 वर्षीय हिंदू विधवा महिला के साथ पहले बलात्कार किया और फिर उसे पेड़ से बांधकर उसके बाल काट दिए। इतना ही नहीं, आरोपियों ने इसका वीडियो भी बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस दुर्दांत कृत्य के बाद महिला बेहोश हो गई और स्थानीय लोगों ने उसे बेहोशी की हालत में सदर अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में महिला ने आरोपी शाहीन और उसके साथी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई।




एक्स-शोरूम कीमत ₹74,400~

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #Based on internal testing of 110cc scooters and on the testing report of govt Certified agency. ~Ex-Showroom price of Destini110 in Gurgaon.

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero - 9289922868; Assandh: Sandhu Hero - 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero - 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero - 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero - 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero - 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero - 9289922433; Gohana: Krishna Hero - 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero - 9289922049, Vikrant Hero - 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero - 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero - 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal: Chaudhary Hero - 9289922062; Karnal: Nirmal Hero - 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero - 9289922988; Ladwa: Khanna Hero - 9289922063; MandiDabwali: Karan Hero - 9289922490; Nuh: Sunil Hero - 9289923087; Narnaul: Autodeals Hero - 9289922058; Narwana: Narwana Hero- 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero - 9289922877; Panchkula: Regent Hero - 9289923161; Panipat: Kadian Hero - 9289923182, Sahib Hero - 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero - 9289922393; Rewari: Virendra Hero - 9289922060; Rohtak: Shivam Hero - 9289922047; Sirsa: Khanna Hero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero - 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694, Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero- 9289924089; Faridabad: Sehgal Hero- 9289922419, Gurugram: Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Basai Road Sector 11: Sharma Hero- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495.

RS/Hero/12/25